सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 05 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 241, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 200 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 202 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। } 14

## महिलाओं के सशक्तीकरण से होगा देश का विकास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को भी कहा। } 16



## वजीरगंज के उफनाते नाले में बही मासूम

### नगर निगम व पुलिस प्रशासन के रेस्क्यू के बाद नहीं मिली 6 साल की बच्ची

विशेष संवाददाता





लखनऊ। राजधानी लखनऊ में तेज बारिश के बीच वजीरगंज में एक 6 साल की बच्ची नाले में बह गई। वजीरगंज थाने के पीछे एक मोहल्ले में बारिश से भरे पानी में खेल रही थी। इस बीच खेलते-खेलते उसका पैर पास में ही बह रहे नाले में चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और नगर निगम की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन आठ घंटे बाद भी बच्ची का पता नहीं चल सका। वहीं, बच्ची की मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बुधवार दोपहर 3 बजे के बाद एकदम से मौसम बदल गया। आसामान में घने काले बादल छाने से अंधेरा छा गया। इसके बाद जोरदार बारिश हुई। करीब 1 घंटे की बरसात में सड़कों पर पानी भर गया। नाले ओवरफ्लो हो गए। वजीरगंज की गलियों में भी नाला उफनाने से नाले के बराबर सड़क का पानी बहने लगा। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद इरफान और रोशन अपने बच्चों को घर पर छोड़कर काम पर गये थे। इसी दौरान बारिश होने लगी तो इराफन की 6 वर्षीय बेटी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रिश्तों को और मजबूत बनायेंगे भारत-सिंगापुर : मोदी

एजेंसी



सिंगापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद सिंगापुर के

❍ दो दिवसीय दौरे पर सिंगापुर पहुंचे पीएम

अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे। नयी दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे। मोदी ने सिंगापुर पहुंचने के बाद एक्स पर कहा सिंगापुर पहुंचा हूं। भारत-सिंगापुर मित्रता को मजबूत करने के उद्देश्य से होने वाली अनेक बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत में हो रहे सुधार और हमारी युवा शक्ति की प्रतिभा हमारे देश को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती है। हम करीबी सांस्कृतिक संबंधों को लेकर भी उत्साहित हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सिंगापुर पहुंचे। गृह मंत्री और विधि मंत्री के. शनमुगम ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आगे बहुत व्यस्तता वाला एजेंडा है। मोदी का बृहस्पतिवार को संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा और वह सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे। वोंग ने कुछ दिन पहले ही सत्ता संभाली है और मोदी ने भी कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू किया है। सिंगापुर रवाना होने से पहले जारी एक बयान में मोदी ने कहा, मैं सिंगापुर के साथ, विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण, डिजिटलीकरण और सतत विकास के नये एवं उभरते क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों पर बातचीत को लेकर उत्सुक हूं।

मोदी इससे पहले 2018 में सिंगापुर आए थे। उनके साथ इस यात्रा में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य सरकारी अधिकारी हैं। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, दोनों नेता भारत-सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी की प्रगति का जायजा लेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मोदी वरिष्ठ मंत्री ली सीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### विधायक अब्बास अंसारी पर गैंगस्टर का केस दर्ज

बांदा (उप्र)। दिवंगत माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे और मऊसीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी सहित पांच लोगों के खिलाफ चित्रकूट जिले की कर्वी कोतवाली में मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चित्रकूट जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी के अलावा उसके वाहन चालक नियाज़ अंसारी, जेल की कैंटीन व्यवस्थापक रहे नवनीत सचान, लेखाकार शहबाज आलम खान और समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता फराज खान के खिलाफ कर्वी कोतवाली में मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया इन पर अब्बास अंसारी के चित्रकूट की रगौली जेल में बंद रहने के दौरान गैंग चलाकर रंगदारी वसूलने और लोगों को डरानेधमकाने के आरोप हैं।

### दो ट्रकों की भिड़त में तीन की मौत

लखीमपुर खीरी। खीमपुर खीरी जिले के धौरहरा क्षेत्र में बुधवार को दो ट्रकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि धौरहरा थाना क्षेत्र के धौरहरा-ढखेरवा मार्ग पर टापरपुरवा गांव के पास दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों ट्रकों के चालकों सक्तू और सलमान की मौत हो गई जबकि घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है जिसकी पहचान मिश्री लाल के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

# बेटी व व्यापारी की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

❍ मुख्यमंत्री ने प्रयागराज को दी 650 करोड़ की सौगात ❍ 1334 अवर अभियंताओं, संगणकों व फोरमैन को बांटे नियुक्ति पत्र



जिला संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर परोक्षा रूप से निशाना साधते हुए कहा कि माफियाओं और दंगाइयों के सामने नाक रगड़न वाले बुलडोजर क्या चलाएंगे। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्त 1334 अवर अभियंताओं, संगणकों तथा फोरमैन कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उनके बयान के लिये आड़े हाथ लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मनचलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बच्चों की सेहत सुधरेगी तो संवरेगी पीढ़ी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पोषण का मंत्र देते हुए कहा कि बच्चों की सेहत सुधरेगी तो पीढ़ी संवरेगी। सीएम योगी ने कहा कि कुपोषित बच्चा समाज के सामने एक चुनौती है। स्वास्थ्य समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें जाति, मत और मजहब से ऊपर उठकर एक-एक बच्चे पर ध्यान देना पड़ेगा। तभी हम 2047 तक भारत को विकसित बना पाएंगे। इसके लिए हमें अभी से मेहनत करनी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना साकार होने का मतलब हर चेहरे पर खुशहाली है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि जिस तरह से द्वापर युग में माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण का लालन-पालन किया था। उसी तरह से आज के समय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भूमिका भी है, उन्हें मां यशोदा की तरह बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें उद्धरण के माध्यम से तीन से पांच वर्ष के बच्चों को शिक्षित करें तो बच्चे तेजी से सीखेंगे। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की मुहिम को और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अब किसी भी बैंक से धन निकाल सकेंगे ईपीएफओ पेंशनभोगी

नयी दिल्ली। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनभोगी जनवरी से किसी भी बैंक या उसकी शाखा से पेंशन ले सकेंगे।

श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मांडविया ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वह ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के चेयरपर्सन भी हैं। बयान के अनुसार, केंद्रीकृत पेंशन भुगतान व्यवस्था से पूरे देश में किसी भी बैंक या किसी भी शाखा के माध्यम से पेंशन का वितरण हो सकेगा। मंत्री ने कहा सीपीपीएस की मंजूरी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। इसके तहत पेंशनधारक देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल लंबे समय से चली आ रही पेंशधारकों की समस्याओं का समाधान करती है।

## भेड़ियों को मारने के लिए शूटर तैनात

जिला संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़ियों को जरूरत पड़ने पर गोली मारने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के मद्देनजर प्रभावित क्षेत्रों में नौ शूटरों की टीम तैनात की गयी है।

बहराइच के प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद नौ शूटरों की टीम क्षेत्र में तैनात कर दी गयी है। इनमें से छह शूटर वन विभाग के तथा तीन पुलिस विभाग के हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने पूरे अभियान क्षेत्र को तीन बड़े हिस्सों में बांटा है। तीनों हिस्सों के लिये एकएक विशेष दल बनाये जाने के अलावा एक टीम रिजर्व में रखी गयी है। हर दल में तीन शूटर रखे गये हैं। सिंह ने बताया हमारे लिए समय प्रबंधन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। मुख्य काम आदमखोर भेड़ियों की पहचान करके उससे आम जनता को जल्द निजात दिलाना है। हमारी कोशिश है कि जैसे ही आदमखोर दिखायी पड़े, वैसे ही उसे पकड़ा जाए और किसी चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया जाए या फिर जरूरत पड़ने पर उसे गोली मार दी जाए। उसे जंगल में नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा भेड़िये को पकड़कर बंद करना है या गोली मारनी है, इस बारे में परिस्थितियों के मुताबिक फैसला लिया जाएगा। भेड़ियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार ने किया दो उग्रवादी समूहों के साथ समझौता

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र खासकर आदिवासियों की संस्कृति, भाषा और पहचान को संरक्षित रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न सिर्फ पूर्वोत्तर और दिल्ली के बीच की खाई को पाटकर उन्हें सड़क, रेलवे और उड़ानों के जरिए जोड़ा है, बल्कि दिलों के बीच की दूरी को भी पाटा है। शाह यहां नॉर्थ ब्लॉक में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां केंद्र और त्रिपुरा सरकार तथा राज्य के दो उग्रवादी समूहों ने एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मकसद पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा को समाप्त करना और शांति लाना है। उन्होंने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के साथ ही शांति और प्रगति की दिशा में त्रिपुरा की यात्रा में आज एक नया मील का पत्थर स्थापित हो गया।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मथुरा ईदगाह विवाद



एजेंसी

नयी दिल्ली। मुस्लिम पक्ष ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका मस्जिद प्रबंधन समिति ने वकील आरएचए सिकंदर के माध्यम से शीर्ष अदालत में दायर की है। सिकंदर ने कहा कि याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया था ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ यूपी को मिला एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार (पृष्ठ-02)
❍ आईटीआई प्रवेश तृतीय चरण का परिणाम घोषित (पृष्ठ-02)
❍ ब्याज समानीकरण योजना 30 सितंबर तक बढ़ी (पृष्ठ-14)
❍ भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि बढ़कर 60.9 रही (पृष्ठ-14)
❍ सोने में 450 की गिरावट, चांदी 1,650 लुढ़की (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — मुख्यमंत्री और अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी, सपा प्रमुख ने कहा बुलडोजर बल और नाइंसाफी का प्रतीक

## बुलडोजर चलाना हर किसी के बस की बात नहीं : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार बनने पर बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ मोड़ने का बयान देने वाले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज करते हुए बुधवार को कहा कि बुलडोजर चलाने के लिये दिल और दिमाग की जरूरत होती है।

अखिलेश यादव ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि बुलडोजर में दिमाग नहीं बल्कि स्टीयरिंग होता है। उत्तर प्रदेश की जनता कब किसका स्टीयरिंग बदल दे, कुछ पता नहीं। उन्होंने कहा बुलडोजर पर हर व्यक्ति के हाथ नहीं फिट हो सकते। इसके लिये दिल और दिमाग दोनों चाहिये। बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा जिसमें हो, वो ही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा जहां तक दिल और दिमाग की बात है तो बुलडोजर में दिमाग नहीं होता, स्टीयरिंग होता है। बुलडोजर तो स्टीयरिंग से चलता है। उत्तर प्रदेश की जनता कब किसका स्टीयरिंग बदल दे या दिल्ली वाले (भाजपा शीर्ष नेतृत्व) कब किसका स्टीयरिंग बदल दे, कुछ पता नहीं। सपा प्रमुख ने कहा जिनके लिए बुलडोजर बल और नाइंसाफी का प्रतीक है, मैं उन्हीं को बुलडोजर की मुबारकबाद देना चाहता हूं। यादव ने मंगलवार को लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा था कि साल 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया होगा और राज्य में समाजवादी सरकार बनते ही पूरे प्रदेश के बुलडोजरों का रूख गोरखपुर (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि) की तरफ होगा। यादव ने आज बुलडोजर को लेकर उच्चतम न्यायालय के रुख का जिक्र करते हुए कहा आपको जानबूझकर जिनसे बदला लेना था, नीचा दिखाना था वहां अपनी सरकार की ताकत पर आपने जानबूझकर बुलडोजर चलाया। इसका परिणाम यह हुआ कि उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक यह कहा जा सकता है कि बुलडोजर संवैधानिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शीर्ष न्यायालय ने धामी को सुनायी खरी-खरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सरकारों के प्रमुखों से पुराने दिनों के बादशाह होने की अपेक्षा नहीं की जा सकती और हम 'सामंती युग में नहीं हैं।

इसके साथ ही न्यायालय ने उत्तराखंड के वन मंत्री और अन्य की राय की अनदेखी करते हुए एक आईएफएस अधिकारी को राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक नियुक्त करने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर भी सवाल खड़े किये। हालांकि, राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ को बताया कि भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी को इस अभयारण्य का निदेशक नियुक्त करने का आदेश तीन सितंबर को वापस ले लिया गया। पीठ जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पूर्व निदेशक आईएफएस अधिकारी राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक नियुक्त करने से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने कहा कि प्रथम अधिकारी की ओर से एक विशेष नोटिंग की गयी थी कि राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए और इसे उप सचिव, प्रमुख सचिव और राज्य के वन मंत्री ने भी मंजूरी दी थी।

# हर साल हो रहे हादसे, नहीं ढके जा रहे नाले व नालियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में घनी आबादी के बीच खुले नाली-नाले जानलेवा साबित हो रहे हैं। नगर विकास मंत्री से लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास और हाईकोर्ट खुले नालों को बंद कराने के निर्देश दे चुके हैं। जरा चूके नहीं कि

- **नाले में गिरकर आधा दर्जन से अधिक बच्चों की हो चुकी है मौत**

सीधे नाले में बहना तय है। बुधवार को वजीरगंज में नाले में छह साल की मासूम बह गई।य

ाह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पहले शहर में ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। खुले नालों ने कई मासूमों की जान ली है। इसके बाद भी नगर निगम प्रशासन नालों को कवर नहीं कर पाया है।

7 अगस्त 2017 को वजीरगंज क्षेत्र के रिवर बैंक कॉलोनी पास नाले के किनारे रहने वाले रिक्शा चालक जहीर का बेटा नावेद (4) का मासूम बच्चा भी खुले गहरे नाले में गिर गया था। लोग जब तक दौड़ते और उसे बचाने की कोशिश करते, तब तक तेज बहाव मासूम को बहा ले गया। तब भी लोगों का आरोप था कि कई दफा नाले को ढकने के लिए कहा गया मगर कोई सुनवाई न हुई।

उसकी मां शहनाज पानी लेने गई थी। बारिश हो रही थी। तभी मां को जाता देख वह भी पीछे-पीछे निकल गया। नाले के पास बनी सीढ़ियों पर संतुलन बिगड़ने से वह औंधे मुंह नाले में जा गिरा। परिजन लोगों की मदद से करीब पांच सौ मीटर तक नाले में बच्चे की तलाश करते रहे मगर वह नहीं मिला था। मासूम नावेद का शव 40 घंटों के बाद लक्ष्मणमेला ग्राउंड के पास नदी में पहुंच गया था। वहीं लोगों का आरोप था कई दफा नगर निगम को पत्र देकर खुला नाला बंद कराए जाने की मांग की गई मगर सुनवाई न हुई। इंदिरा नगर थाना क्षेत्र में स्थित अबरार नगर में नाले में डूबने से दो बच्चों शिफा (12) व कासिम की डूबने से मौत हो गई थी। बारिस के बाद नाले में पानी भर गया था और इसी नाले में डूबने से दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई।

मूसलाधार बारिश में खुर्रम नगर के पंत नगर क्षेत्र में उफनाते नाले में तीन साल के बच्चे की डूब के मौत हो गयी थी। खुर्रम नगर में 10 साल के युवक बंटी की मौत खुले हुए नाले में गिरने से हो गई थी। नाले में गिरते ही सर पर चोट लगी और उसकी मौके पर मौत हो गई। मूसलधार बारिश से क्षेत्र में जल भराव हो गया था। इसके चलते तेज बहाव के कारण बंटी थोड़ी दूर बह गया। इंदिरा नगर के चांदन में जेएनएनयूआरम योजना के तहत निर्माणाधीन नाले में मासूम बह गया था। उस समय मानवाधिकार आयोग ने भी हादसे का संज्ञान लेकर नगर निगम को दिशा निर्देश जारी किए गए थे।

**हाई कोर्ट दे चुका है नाले ढकने के आदेश :** शहर में ड्रेनेज परियोजना का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर हर वर्ष मासूम खुले नाले के हादसे के शिकार हो रहे हैं। हर व नगर निगम खुले नालों से हो रही मौतों को लेकर संजीदा नहीं है। पूरे मामले पर अफसर का कहना है कि निगम की इसमें कोई गलती नहीं है। वजीरगंज में जिस नाली में बच्ची गिरी है वह काफी छोटी है। पैर फिसलने के बाद वह गिर गई लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया मगर उसे बाहर नहीं निकाल सके। वहीं अफसर का कहना है कि शहर के बड़े नालों को ढकने के लिए काफी पैसा चाहिए। फिर इनकी सफाई कराना मुश्किल होगा। हालांकि हाई कोर्ट का भी स्पष्ट आदेश है कि शहर के नाले ढके होने चाहिए। ये आम जन के लिए असुरक्षित है।

**घनी आबादी के लोग हो रहे शिकार :** कांशीराम योजना, आश्रयहीन योजना व सुलभ योजना के बाद भी बस्तियों के किनारे बसे लोगों की तादाद शहर में अधिक है। लखनऊ विकास प्राधिकरण, सूडा व डूडा के माध्यम से इनके आश्रय के लिए योजनाएं संचालित की जाती है। लेकिन सही क्रियान्वयन न होने से झोपडियां वहीं बसी रहती हैं। ऐसे में यहां रह रहे लोगों के लिए खुले नाले काल बनते रहते हैं।

# व्यापार पर लाइसेंस शुल्क वापस ले सरकार



**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से ज्वेलरी, जूते ,रेडीमेड गारमेंट्स, जिम, ब्यूटी पार्लर सहित अनेक व्यापार पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किए जाने के प्रस्ताव पर व्यापारी संगठनों ने नाराजगी जताई है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। आवास पर शहर की महापौर सुषमा खर्कवाल भी

- **राजनाथ व महापौर से मिलकर ज्ञापन सौंपा**

मौजूद थीं। संदीप ने व्यापारियों पर लाइसेंस फीस लगाए जाने पर घोर आपत्ति जाहिर की जिस पर महापौर ने आश्वस्त किया कि कोई भी लाइसेंस फीस नहीं बढ़ेगी। 3 दिन के अंदर व्यापारियों के साथ बैठक करके इसको समाप्त किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी भी उपस्थित रहे। उधर, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में महापौर सुषमा खर्कवाल से उनके आवास पर मिला। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने महापौर से राजधानी के विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों पर लाइसेंस शुल्क लागू किए जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग की तथा ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नगर निगम के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने महापौर से कहा लाइसेंस शुल्क व्यवस्था लागू करने से व्यापारियों को उत्पीड़न होगा तथा इंस्पेक्टर राज एवं लाइसेंस प्रथा की वापसी होगी। महापौर ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि लाइसेंस शुल्क व्यवस्था तुरंत नहीं लागू की जाएगी।

# रबीउल अव्वल का चांद दिखा, ईद मिलादुन्नबी 16 को

**लखनऊ।** इस्लामी माह रबीउल अव्वल का चांद भारत में बुधवार को देखा गया। चांद की तस्दीक मरकजी चांद कमेटी फरंगी के अध्यक्ष एवं काजी-ए-शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली एवं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने की। चांद दिखने के बाद उलमा किराम ने इस्लामी माह रबीउल अव्वल के चांद का ऐलान किया। रबीउल अव्वल की पहली तारीख शुक्रवार 6 सितंबर को है। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद की विलादत ईद मिलादुन्नबी त्योहार के रुप में सोमवार 16 सितंबर को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। 16 सितम्बर को ही पारम्परिक मदहे सहाबा जुलूस निकाला जाएगा। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि कसरत से अल्लाह की इबादत व कुरआन-ए-पाक की तिलावत करें।

# पांच हजार स्ट्रीट लाइटें बंद, 24 करोड़ से सड़कों का होगा पैच रिपेयर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की सड़कों के पैच वर्क के लिए 24 करोड़ रु खर्च होंगे। इसे लिए सदन से प्रस्ताव पास होने के बाद एक सप्ताह में कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं शहर में 2 लाख स्ट्रीट लाइट लगी है जिसमें से वर्तमान में 5 हजार स्ट्रीट लाइट खराब हैं। खराब व बंद लाइटों को ठीक कराने के निर्देश

- **जलभराव की समस्या न हो, कूड़े की ओपन डंपिंग न होने पाये**



दिए गए हैं। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बुधवार को शहर में नगर निगम सीमा में स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, उपवन योजना, सीएम ग्रिड, ड्रेनेज व मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना आदि कार्यों के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहे। फ्रिज, कूलर, टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि नाले-नालों की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य करें। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नालों, नालियों व ड्रेनेज की साफ-सफाई करते हुए फागिंग, एंटीलार्वा का भी छिड़काव कराया जाए।

मध्यम नाले व बड़े नालों की सफाई की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारी स्वयं करे। जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये। पम्पिंग स्टेशन सुचारू रूप से क्रियाशील रहे साथ ही उक्त स्थान की साफ-सफाई भी अच्छे से कराते रहे। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महत्वपूर्ण सड़कें जो जर्जर व गड्ढा युक्त है उन सड़कों के पेच रिपेयर का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। उन्होंने नगर निगम के मुख्य अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि स्पेशल रिपेयर वाली सड़कों की सूची बनाकर एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें। मुख्य अभियंता की ओर से अवगत कराया गया कि नगर निगम की सड़कों की सामान्य मरम्मत के लिए 24 करोड़ का प्रस्ताव पास हो गया है। पेच रिपेयर का कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के किसी भी जोन में कूड़े की ओपन डंपिंग न होने पाये। जहां भी कहीं ओपन डंपिंग है वह आरसी बीन्स व उक्त स्थान को टीन सेट से कबर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कूड़े ले जाने वाली गाड़ियां पूर्ण रूप से ढकी रहनी चाहिए। शहर में नगर निगम की जंग लगी गाड़ियां, जर्जर मशीने न दिखे। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज के कार्य अवस्थापना निधि से कराया जाये। आर आर मुख्य अभियंता की ओर से अवगत कराया गया कि शहर में 2 लाख स्ट्रीट लाइट लगी है जिसमें से वर्तमान में 5 हजार स्ट्रीट लाइट खराब हैं। उन्होंने खराब व बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल निर्धारित समयावधि में सही कराये जाने के निर्देश दिए।

# ई-रिक्शा पर रूट परमिट लगाना होगा

**लखनऊ।** शहर में ई-रिक्शा हजारो की संख्या में सड़क पर चल रहे है। जिनका रुट का निर्धारण कही और किया गया है और चल किसी और रुट पर है ऐसे वाहनों को सख्ती से पकड़ने का प्लान आरटीओ बना रहा है। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ अधिकारी के मुताबिक सभी रिक्शा चलको को रुट परमिट का प्रमाण पत्र गाड़ी के सामने ही लगाना पड़ेगा जिससे यह देखा जा सके कि कौन सी गाड़ी किस रुट पर चल रही है। आलमबाग, सरोजनीनगर, नादरगंज, गोमतीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में बिना रोक टोक के ई-रिक्शा फर्राटा भर रहे है। ऐसे में ज्यादातर दुर्घटना सड़क पर दोपहिया वाहन से हो जाती है। शहीद पथ पर ई-रिक्शा को पूरी तरह से प्रतिबंध किया गया है फिर भी दिन में और रात में ई-रिक्शा चल रहे है। शहीद पथ पर गाड़िया ज्यादा चलने के वजह से तीन पहिया वाहन को प्रतिबंध लगाया गया है। दुर्घटना होने के बाद पीड़ित आरोप लगाता है कि जब रुट पर तीन पहिया वाहन को मना किया गया है तो फिर पुलिस पैसे लेकर क्यो शहीद पथ पर चलने देती है। नाबालिक चला रहे है ई-रिक्शा चारबाग से लेकर नादरगंज तक सैकड़ो की संख्या में ई-रिक्शा चल रहे है। जिसमें कई ऐसे ई-रिक्शा चल रहे है जिनका परमिट दो पहिया वाहन का है और वह ई-रिक्शा पर नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे है। तो कुछ ऐसे भी है जो नाबालिक है फिर भी ई-रिक्शा चला रहे है। जब इनसे डीएल के बारे में बात किया जाता है तो वह ई-रिक्शा गली में लेकर भाग जाते है।

# जुर्माना भरने के बाद फिर सड़क पर डग्गामार वाहन

**लाखनऊ।** डग्गामर वाहनो को पकड़ने के लिए आरटीओं के अधिकारी सख्त कार्यवाही कर रहे है। लेकिन डग्गामार वाहन स्वामी फिर जुर्माना भर कर सड़को पर धड़ल्ले से चल रहे है। ऐसे में फिर से सड़को पर डग्गामार वाहनो की संख्या बढ़ गयी है। सड़क पर चल रहे डग्गामार वाहनो को पकड़ने के लिए पुलिस की तरह आलमबाग, सरोजनीनगर, इन्दिरानगर, चिनहट जैसे भीड़ वाले चौराहो पर आरटीओं के अधिकारी और कर्मचारी डग्गामार वाहनो की चेकिंग करेगें। जांच के बाद वाहन को सीज करने की कार्यवाही किया जायेंगा। एआरटीओं पीके सिंह ने बताया कि डग्गामार वाहनो के वजह से सड़क पर दुर्घटनाये बढ़ रही है। इसलिए चौराहे पर आरटीओं के अधिकारी खड़े होकर चेकिंग करेगें। सबसे ज्यादा टैम्पों, और बस अवैध तरीके से चल रहे है। बसों में क्षमता से अधिक सवारी भरकर यात्रा कराते है जिससे बड़ी दुर्घटना हो जाती है। शहर में इस समय डग्गामार वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। चालक वाहनों में ओवरलोड सवारियां भर कर बेधड़क फरार्टा भरते हैं। इसके अलावा कुछ जुगाड़ गाड़ियां भी सड़कों पर ओवरलोड सामान लेकर इधर उधर दौड़ती देखी जातीं हैं। डग्गामार वाहनों में पायदान का प्रचलन फिर शुरू हो गया है। चालक खुद की सीट पर भी कई सवारियां बिठाकर ऑटो चलाते हैं। प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद डग्गामार वाहनों पर अंकुश नही लग रहा है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर डग्गामार वाहन सवारियों भरते देखे जा सकते हैं। कुछ समय पहले डग्गामार वाहनों से घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने गाड़ियों के पीछे अलग से लगाए जाने वाले पायदान पर रोक लगा दी थी। पुलिस के डर से वाहन चालकों ने खुद ही अपने पायदान हटा लिए थे। लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते डग्गामार चालक अपने वाहनों में फिर से पायदान लगवाने लगे हैं। जिन पर यात्री लटक कर यात्रा करते हैं। ओवर लोड सवारियां होने के चलते दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। आटो चालक भी इपनी सीट पर तीन या चार सवारियां बिठाने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। चाहे ऑटो चलाने में उन्हें कितनी भी पेशानी झोलनी पड़े। जिसके चलते कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस समय जुगाड़ गाड़ियां भी बड़ी संख्या में शहर में देखी जा सकती हैं। कई बार इन जुगाड़ गाड़ियों से टकराकर लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। कई डग्गामार वाहन तो रोडवेज बस स्टेशन के सामने ही सवारियां भरते हैं।

# विश्लेषण कर तैयार होगा हीट एक्शन प्लान

**लखनऊ।** राजधानी को हीट वेव से बचाने के लिए शहर के भूमि सतह तापमान का विश्लेषण करते हुए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके अंतर्गत हीट वेव के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर कूलिंग स्टेशन बनाने, बहुमंजिला बिल्डिंग व भवनों में

- **हीट वेव से बचाव करेंगे कूलिंग स्टेशन, इमारतों में सोलर रिफ्लेक्टिव व्हाइट पेंट**
- **जोधपुर व ठाणे की कालोनियों व मलिन बस्तियों में किये गये अध्ययन के आधार पर बनी कार्ययोजना**

सोलर रिफ्लेक्टिव व्हाइट पेंट कराने आदि का कार्य प्रस्तावित किया जाने के निर्देश दिए गए हैं। जोधपुर व ठाणे की कुछ बस्तियों में हीट वेव से बचाव को लेकर किये गये उपायों का अध्ययन के आधार पर कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने यह निर्देश दिए। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष, कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को प्राधिकरण भवन के पारिजात सभागार में हीट एक्शन प्लान की बैठक हुयी। इसमें प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जोधपुर व ठाणे की कालोनियों व मलिन बस्तियों में किये गये अध्ययन के आधार पर हीट एक्शन प्लान का प्रेजेन्टेशन दिया। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जोधपुर व ठाणे की कुछ बस्तियों में हीट वेव से बचाव को लेकर किये गये उपायों का अध्ययन किया गया है। इसमें भवनों के रूफ टॉप, बाहरी दीवारों व टीनशेड पर सोलर रिफ्लेक्टिव व्हाइट पेंट किया गया। इससे दोपहर के समय भीषण गर्मी में भी भवनों के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और लोगों को काफी राहत मिली। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग व टाउनशिप में ग्रीनरी को लेकर कई कार्य किये गये, जिससे अच्छे परिणाम देखने को मिले। अब इस अध्ययन के आधार पर लखनऊ में माइक्रो लेवल पर डाटा जुटाते हुए हीट एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इस सम्बंध में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि शहर में भूमि सतह तापमान का विश्लेषण करते हुए हीट एक्शन के लिए लघु अवधि, मध्यम अवधि व दीर्घकालिक प्लान तैयार कराया जाए। इसके अंतर्गत हीट वेव के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर कूलिंग स्टेशन बनाने, बहुमंजिला बिल्डिंग व भवनों में सोलर रिफ्लेक्टिव व्हाइट पेंट कराने आदि का कार्य प्रस्तावित किया जाए।

# राजनाथ सिंह का लखनऊ एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बुधवार को लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, एमएलसी लालजी निर्मल, दिवाकर त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष मनोहर सिंह, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, सुशील तिवारी पम्मी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत किया। आवास



पर राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा व बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं से रक्षा मंत्री ने भेंट कर हाल जाना।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माणों की जांच करेगा आईआईटी कानपुर

वशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना में 138 करोड़ रुपये से बन रहे अटल राष्ट्र प्रेरणा स्थल की जांच होगी। इसकी गुणवत्ता की जांच के लिए आईआईटी कानपुर को जिम्मेदारी दी गई है। प्रेरणा स्थल की मूर्तियों के पैडस्टल से लेकर म्यूजियम तक और पाथवे से लेकर बाथरूम तक सभी की जांच होगी।

ग्रीन कारिडोर परियोजना की गुणवत्ता की निगरानी की जिम्मेदारी भी आईआईटी को दी जा रही है।

आईआईटी की निगरानी से मानक के विपरीत निर्माण नहीं हो पाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने यह आदेश जारी किए हैं। एलडीए की ओर से सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कराया जा रहा है।

इसके निर्माण का ठेका एलडीए ने बाबे इंफ्राटेक को दिया था। यहां 21 करोड़ रुपये से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्तियां लगाई गईं।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कामों को पूरा करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपये है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़ और दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने हाल ही में इसका निरीक्षण किया था। उन्हें निरीक्षण में गुणवत्ता काफी खराब दिखी। इसके बाद उन्होंने इसकी जांच कराने का आदेश दिया था। अब इसकी जांच आईआईटी कानपुर से कराई जा रही है।

आईआईटी कानपुर यहां हुए 104 करोड़ रुपये के सिविल के कामों की जांच करेगा। एलडीए के इंजीनियरों ने यहां म्यूजियम ब्लाक, दो हाल, कैफेटेरिया, गेट नम्बर छह, ट्वायलेट ब्लाक, बाउण्ड्रीवाल, पाथ वे तथा स्टैच्यू बेस का निर्माण कराया है। इसी को बनाने में 104 करोड़ रुपये खर्च हुआ है। अब इन सभी कामों की जांच होगी। एलडीए के अधिशासी अभियंता ने आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर गुणवत्ता की जांच करने के लिए वांछित शुल्क बताते हुए बैंक खाते का विवरण भेजने को कहा है, ताकि एलडीए जांच के लिए पैसा भेज सके।

अब प्रेरणा स्थलों के निर्माण कार्य की जांच जल्द होगी।

# जनेश्वर मिश्र पार्क अब सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक खुलेगा

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में घूमने के लिए आने वाले लोग अब ज्यादा देर तक सैर-सपाटा कर सकेंगे। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पार्क के खुलने और बंद होने के समय में संशोधन करते हुए समय सीमा एक घंटे बढ़ा दी है। नयी व्यवस्था के तहत जनेश्वर मिश्र पार्क अब सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था के तहत ग्रीष्म ऋतु में सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक पार्क खुला रहता है। जिसमें सुबह 8:30 बजे से रात 8 बजे तक प्रवेश के लिए टिकट लेना पड़ता है। वहीं, शरद ऋतु में पार्क सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खोला जाता है। जिसमें सुबह 8:30 बजे से शाम 6 बजे तक प्रवेश के लिए टिकट लेना पड़ता है। गौरतलब है कि जनेश्वर मिश्र पार्क में रोजाना बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक समेत सभी वर्ग शामिल हैं। जिनके मनोरंजन के लिए पार्क में किड्स-प्ले एरिया, 5डी मोशन पिक्चर, मल्टीमीडिया वॉटर स्क्रीन लेजर शो, ई-बाइक समेत कई तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने मांगी पुरानी पेंशन

**लखनऊ।** तीसरे दिन भी शिक्षकों और राज्य कर्मचारियों ने काली पटटी बांधकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग किया है। एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ रेलवे सहित शिक्षकों कर्मचारियों में भारी गुस्सा है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञ ने बताया कि नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर देश भर में शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांध कर एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ तीसरे दिन भी अनवरत विरोध जारी रहा। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब से यूपीएस की घोषणा की है तब से देश के शिक्षकों व कर्मचारियों में ओपीएस बहाली के लिए एकजुटता और बढ़ रही है। देश के कोने कोने से सूचनाएं आ रही है कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग का अभियान मजबूती से लगातार आगे बढ़ रहा है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि साल के एक दिन शिक्षक दिवस 5 सितंबर को सरकार शिक्षकों की तारीफ करेंगी, बधाइयां देगी। इसके बाद बाकी 364 दिन उसका शोषण और परेशान किया जाएगा। शिक्षक जब काला फीता बांधकर विरोध कर रहा है तो इससे दुखद इस देश के लिए क्या हो सकता है ? इससे यही समझा जाए कि सरकार की संवेदनाएं मर गई है। राष्ट्रीय सचिव डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि लगातार कर्मचारियों व शिक्षकों की बढ़ती हुई संख्या से यह आंदोलन दिन पर दिन और मजबूत हो रहा है।

# प्रशासनिक नियंत्रण के नाम पर व्यापारी को परेशान न करें : अमरनाथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेल टैक्स बार एसोसिएशन की मांग एवं अधिवक्ताओं के आग्रह पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा के नेतृत्व में वाणिज्य कर भवन मीराबाई मार्ग पर धरना देकर सेल्स टैक्स, वाणिज्य कर, व्यापार कर एवं माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत विवादित आदेशों के विरूद्ध दाखिल अपीलों के निस्तारण के लिए न्यायिक प्रक्रिया में प्रशासनिक, विभागीय हस्तक्षेप एवं दबाव बनाने के विरूद्ध प्रत्यावेदन दिया।



मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त वर्णित विषय आपके अधीनस्थ राज्य कर विभाग से सम्बन्धित है। जीएसटी व्यवस्था के अनुसार, व्यापारी एक पक्षकार है तथा राज्य सरकार की प्रतिनिधि विभागीय अधिकारी दूसरा पक्ष है। वर्तमान में, विभागीय अधिकारियों द्वारा न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया जा रहा है, जिसका एसोसिएशन घोर विरोध करता है और निन्दा करता है। यह विशेष रूप से चिन्ताजनक है कि विभाग एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (अपील) के समक्ष एक पक्षकार है। इस स्थिति में, प्रशासनिक नियंत्रण के नाम पर किया जा रहा कोई भी दबाव न्यायिक प्रणाली की स्वतंत्रता में सीधा हस्तक्षेप है। यह न केवल अनुचित है बल्कि न्याय के मूलभूत सिद्धान्तों के भी विपरीत है। पिछले हस्तक्षेप का एक उदाहरण 2023 में देखा गया, जब विभाग के कमिश्नर द्वारा एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (अपील) की वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया कि हस्तक्षेप किया गया।इस दौरान व्यापारियों को राहत देने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। परिणामस्वरूप, न्यायिक कार्य लम्बित रहे और व्यापारियों को न्याय प्राप्ति में कठिनाई हुई। प्रमुख सचिव ने लखनऊ कार्यालय में अपीलीय फाइलों के निरीक्षण की मांग की। यह कार्यवाही न्यायिक प्रक्रिया की गोपनीयता और स्वतंत्रता का उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव ने सभी अपीलीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे दैनिक आधार पर उन्हें ऑनलाइन निपटान रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह निर्देश न्यायिक स्वायत्तता पर सीधा आक्रमण है और अपीलीय अधिकारियों पर अनुचित दबाव डालता है। प्रान्त के व्यापारियों को निष्पक्ष न्याय दिलाने के लिए आपका हस्तक्षेप अत्यन्त आवश्यक है साथ ही प्रमुख सचिव द्वारा दिये गये नवीनतम निदेर्शों की समीक्षा करें आरैर उन्हें निरस्त करने पर विचार करें। न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनाए रखना न केवल व्यापारियों के हित में है, बल्कि यह एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री अशोक कुमार वाधवा | भूखण्ड सं.- D-121 सेक्टर-डी | कानपुर रोड | 17.02.2015 | निशी वाधवा<br>दीक्षा वाधवा | | पत्नी<br>पुत्री |
| 2 | श्री युजेन इवान मेकडोनल्ड एवं श्रीमती औडरी मेकडोनल्ड | भूखण्ड सं.- के-1/1437 | सेक्टर-के-1 आशियाना कानपुर रोड योजना | श्री युजेन इवान मेकडोनल्ड की मृत्यु दिनांक 15.04.2021 एवं श्रीमती औडरी मैकडोनल्ड की मृत्यु दिनांक 22.05.2023 | 1. श्री रिचर्ड म्कडोनल्ड<br>2. श्री सिडनेय म्कडोनल्ड | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | पुत्र<br>पुत्र |
| 3 | श्रीमती सुनीता सिन्हा, श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती चेतना श्रीवास्तव | भवन सं.- डी- 14/1 | पेपर मिल कालोनी | 03.09.2017 | श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती चेतना श्रीवास्तव | 1. श्रीमती सपना सहाय | पुत्री |
| 4 | श्री आशीष चौधरी | भूखण्ड सं.- एस.एस.-2/1350 सेक्टर-डी-1 | कानपुर रोड योजना | 18.06.2021 | श्री पवन चौधरी | - | भाई |
| 5 | स्व. गुलाब रानी | भूखण्ड सं.- बी-3/278 | विशाल खण्ड गोमती नगर योजना | 27.08.2016 | श्री छेदी लाल यादव | वसीयत के आधार पर | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# तांत्रिक बनकर लाखों के जेवरात उड़ाने वाला ढोंगी गिरफ्तार


पुलिस अधिकारियों संग जेवरात हड़पने वाला आरोपी


आरोपी से बरामद गहने

- घर में शैतान के प्रवेश होने की बात का दिया था झांसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के सआदतगंज इलाके में तांत्रिक ने तंत्र मंत्र के बहाने घर के सारे जेवर और दो हजार नगद लेकर चम्पत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि तांत्रिक ने बीमार महिला को झांसे में लेकर बताया कि घर में शैतान का साया है, जिसकी वजह से तबीयत खराब रहती है। जिसके बाद पूरा परिवार उसके बहकावे में तंत्र मंत्र में लग गया। घर के सारे जेवर मंगाकर एक हांडी रखवाए। फिर लेकर गायब हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

हातानूर बेग झड़ियन तालाब तिराहा सआदतगंज के रहने वाले नौशाद मोहम्मद अन्सारी पुत्र स्वर्गीय नूर मोहम्मद सोने चांदी की मरम्मत का काम करते हैं। उनकी दुकान घर के सामने ही है। उनकी पत्नी कैसर जहाँ काफी बीमार रहती है। 30 मई को एक आदमी आया। जिसने अपना नाम शादाब उर्फ शानू बताया और बोला कि झाड़ फूंक का काम करता है।

तब कैसर जहां ने शादाब से कहा कि बहुत बीमार रहती हूँ, मुझे ठीक कर दो। इस पर शादाब ने बताया कि घर पर शैतान का साया है। इस कारण तुम बीमार रहती हो और इसी कारण तुम्हारे घर में सभी लोग बीमार रहते हैं। इसके लिए झाड़ फूंक उतारा कराकर काट करना पड़ेगा। कैसर जहां और पति झाड़ फूंक के लिए तैयार हो गए। शादाब ने कहा झाड़ फूंक के लिए घर के सारे जेवरात व 2 हजार रुपए नगद रखकर उतारा करवाना पड़ेगा।

उसके झांसे में आकर कैसर जहाँ ने सारे जेवर व 2 हजार रुपए घर के अंदर बरामदें में रख दिया और झाड़ फूंक करवाने लगी। झाड़ फूंक के दौरान सारे जेवर एक मिट्टी की हांडी में रख कर काले कपड़े से हांडी का मुँह बाँध दिया और दूसरे हांडी में रुपए रखकर हांडी का मुँह बाँध दिया। इसके बाद तीसरी हांडी में पानी रखकर झाड़ फूंक करने लगा। झाड़ फूंक दौरान पूरा परिवार मौजूद था। कुछ देर बाद शादाब ने बताया कि पानी वाले हांडी को पलटकर रख आइए। कैसर जहां, उनके पति व पुत्र हांडी का पानी लेकर छत पर पलटने के लिए चले गए। वहां आए तो देखा वहां से जेवर गायब थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और हुलिए के आधार आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी लालपैथ लैब के सामने झोला लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मछली शहर, जौनपुर के रहने वाले शादाब उर्फ शानू (45) पुत्र बसीर अहमद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 10 लाख के जेवर और 30 हजार नगद बरामद किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि लखनऊ के सआदतगंज में रहकर इलाके में घूमकर ठगी करता है।

## आशियाना में महिला से चेन स्नेचिंग करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

- बेरोजगारी की वजह से बने थे लुटेरे
- पुलिस अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना स्थित नाबार्ड बैंक के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिला की गले की चेन लूट ली। महिला अपनी के बहन के साथ पैदल अपने मायके जा रही थी। तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले पर झपट्टा मारा और चेन लेकर फरार हो गए। घबराई महिला आशियाना थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



बता दें कानपुर के नौबस्ता हंसपुर की रहने वाली अंजू सिंह पत्नी धर्मराज सिंह की सोमवार को लखनऊ आई थी। अंजु सिंह ने बताया सुबह करीब 10:30 बजे वह अपनी बहनों के साथ पैदल ही एलडीए कॉलोनी के सेक्टर एच स्थित अपने मायके जा रही थी। अभी वो सबके साथ नाबार्ड बैंक के पास पहुंची थी तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गले में पहनी चेन पर झपट्टा मारा और लूटकर फरार हो गए।

**सीसीटीवी की मदद से लुटेरों की तलाश में पुलिस:** इसके बाद वहीं से मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस महिला का शिकायत पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस टीम की मदद से मंगलवार को सुबह 6:50 बजे दो चेन स्नेचरों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान उतरांवा, निगोंहा के रहने वाले अक्षय कुमार (20) पुत्र राम खिलावन और लौंगखेड़ा पाल चक्की के पास तेलीबाग के रहने वाले कुलदीप कुमार पुत्र राधेश्याम के रुप में हुई। पुलिस जांच में अन्य 4 मामले भी सामने आए।

# एंबुलेंस में महिला से छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बस्ती- सिद्धार्थनगर में एक महिला से एंबुलेंस में हुई छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास के मामले में लखनऊ के गाजीपुर थाने में बुधवार को आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस चालक पर गंभीर आरोप लगे हैं। चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास किया था और उसके बीमार पति का मास्क निकालकर फेंक दिया था। चालक व उसके साथी ने महिला की नगदी, चैन और अंगूठी भी लूट ली थी।




बता दें कि सिद्धार्थनगर जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एंबुलेंस में पीछे पति जीवन के लिए जूझ रहा था और आगे की सीट पर उसकी पत्नी से निजी एंबुलेंस चालक और उसका साथी चलती गाड़ी में शर्मनाक हरकतें करते रहे। बस्ती में गाड़ी से उतार कर एंबुलेंस चालक और उसके साथी ने महिला से दुष्कर्म की भी कोशिश की। सफल नहीं हुए तो पति का ऑक्सीजन मास्क निकाल कर फेंक दिया और उसे गाड़ी से उतार कर व महिला के पहने गहने और उसके पास रखी नगदी लेकर फरार हो गए। डॉयल 112 की मदद से महिला के पति को बस्ती मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां से गोरखपुर ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

**महिला के भाई को बनाया था बंधक:** चालक और उसके साथी ने महिला के भाई को आगे की सीट पर बैठाकर अंदर लॉक कर दिया और महिला से बाहर दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। असफल होने पर महिला के पति का ऑक्सीजन मास्क निकाल दिया और उसे गाड़ी से उतार कर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद महिला से मारपीट करते हुए उसके गहने, नकदी व मोबाइल लेकर और भाई को भी गाड़ी से उतार कर फरार हो गए।

## महिला ने दर्ज कराया इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजने वाले के खिलाफ मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला युवक द्वारा उसके इस्ट्राग्राम पर भेजे जा रहे अश्लील मैसेज से तंग आकर स्थानीय आशियाना थाने में आरोपित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित रुचिखण्ड निवासी तनु कश्यप पत्नी गुरुप्रीत सिंह भाटिया के अनुसार उसकी इस्ट्राग्राम आईडी पर किसी युवक द्वारा अस्लील- फोटो व मैसेज ४१५ॅूँ-00211 से भेजे जा रहे हैं। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## प्रदेश में न्यायालय ने दी आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को सजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के कई जिलों में वर्षो से चल रहे संगीन मामलों के करीब आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को। आज न्यायालय ने कठोर सजा दी है।यह सजा पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी से मिली है।आरोपियों को आज मिलने पर पीड़ित परिवारों ने न्यायालय और पुलिस तथा अभियोजन का आभार भी जताया है।

यूपी पुलिस के मुताबिक प्रदेश के हमीरपुर जिले के थाना जरिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना जरिया पर दर्ज मुकदमा धारा 302 व 34 और 201 तथा 404 आईपीसी के आरोपी शैलेन्द्र और वीरेन्द्र को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाईहै ।यूपी पुलिस के मुताबिक जालौन जिले के थाना कदौरा पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना कदौरा पर दर्ज धारा 302 व 504 और 506 आईपीसी तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के मुकदमें के आरोपी नवाब को आजीवन कारावास और चौतीस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । यूपी पुलिस के मुताबिक प्रदेश के बिजनौर जिले के थाना किरतपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना किरतपुर पर दर्ज धारा 363 आईपीसी व 6 पॉक्सो एक्ट के मुकदमें के आरोपी बिजेन्द्र को पच्चीस वर्ष के कठोर कारावास व साथ हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाईहै ।यूपी पुलिस के मोताबिक प्रदेश के जालौन जिले के थाना चुर्खी पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना चुर्खीपर दर्ज मुकदमा धारा 376 और 506 आईपीसी व 67 बी आईटी एक्ट के तहत आरोपी शिवा अनस उर्फ मंगल को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 75 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 19.09.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 20.09.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मो मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई-निविदा संख्या 08 एच (एफ) (एस) / 2024-25:** विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अधीन विभिन्न वितरण खण्डों के अधीन आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों एवं लाइनों के अनुरक्षण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6500.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 8984 / दि. 04.09.2024)**

## हर थाने को मिलेंगे पांच दारोगा

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने महिला सुरक्षा एवं उनसे जुड़े अपराधों को लेकर एक महिला उप-निरीक्षक को जिम्मेदारी दी है। महिला सुरक्षा का दायित्व संभालने वाली म0उ0नि0 के पास मिशन शक्ति कार्यवाही, एन्टीरोमियो स्क्वाड, घरेलू हिंसा, महिला सम्बन्धी अपराध एवं सुरक्षा, महिला हेल्प डेस्क का संचालन, महिला बीट के संचालन का काम दिया गया है। इसी प्रकार से थानों से होने वाले सभी कार्यों की जिम्मेदारी सभी पुलिस कर्मियों की दी गई है। कार्यवितरण होने से अब जवाबदेही भी संबधित की होगी अगर कोई लापरवाही हुई तो जिस स्तर पर गड़बड़ी हुई है उसी पुलिस कर्मी पर कार्यवाही भी होगी। थाना क्षेत्र की समस्त महत्वपूर्ण घटनाओं एवं क्षेत्र की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अविलम्ब अवगत कराना व उस पर प्रभावी कार्यवाही कराना।

## नगदी व सोने चांदी के जेवर चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरो दीवाल फांद एक बंद मकान में घुस 50 हजार रुपये नकदी सहित कीमती आभूषण चोरी कर फरार हो गए घटना की जानकारी होने पर पीडित ने अपनी पत्नी संग बेटे के घर नोयडा से लौट मंगलवार को स्थानीय थाने पर शिकायत की है।

**सूचना**

मैं निखिल अग्रहरि पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अग्रहरि ग्राम- मझवारा, पोस्ट- मायंग, जिला- सुलतानपुर का निवासी हूँ। मेरे नाम से एल.आई.सी.की पॉलसी हुई हैं, जिसकी पॉलसी संख्या- 214377930 हैं। जिसमें मेरा नाम शिवांश अग्रहरि हो गया है, जबकि आधार कार्ड एव पैन कार्ड बैकं पासबुक में निखिल अग्रहरि हैं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का हैं, जबकि वास्तविक नाम निखिल अग्रहरि हैं। **निखिल अग्रहरि पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अग्रहरि ग्राम-मझावारा, पोस्ट- मायंग जनपद-सुलतानपुर।**

# नगद पुरस्कारों व आकर्षक उपहारों से नवाजे गये सीएमएस के शिक्षक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सीएमएस की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का शानदार आयोजन बुधवार को स्कूल के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षकों को उनकी अतुलनीय सेवाओं के लिए नगद पुरस्कारों व आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. शर्मा ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का विस्तार होना चाहिए और इसमें शिक्षकों की भूमिका अहम है। सामाजिक विकास में शिक्षकों की भूमिका सदैव प्रासंगिक रहेगी।



इस अवसर पर सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने गणमान्य अतिथियों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत-अभिनन्दन करते हुए कहा कि सीएमएस के सभी शिक्षक व अन्य कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं जो बच्चों को पढ़ाई के साथ ही उनका चरित्र निर्माण कर भविष्य निर्माण भी कर रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि समस्त सीएमएस परिवार व लखनऊवासियों के लिए गर्व का विषय है कि सीएमएस प्रधान कार्यालय के सामने की सड़क स्टेशन रोड को अब डा. जगदीश गांधी मार्ग से जाना जायेगा, जिसके लिए हम प्रदेश सरकार के आभारी हैं। स्कूल के क्वालिटी अश्योरेंस एवं इनोवेशन डिपार्टमेंट की हेड सुस्मिता घोष ने भी शिक्षकों का स्वागत करते हुए शिक्षकों की वर्ष भर की उपलब्धियों पर चर्चा की।

# नशे की हालत में लघुशंका करने गये राजगीर मिस्त्री की छत से गिर कर मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना जानकीपुरम क्षेत्र के मिजार्पुर पुलिया जानकीपुरम विस्तार में रहने वाले राजगीर मिस्त्री नशे की हालत में छत से गिरने से उनकी मौत हो गयी मौके पर पहुंची जानकीपुरम पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकीपुरम थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि रमवापुर इटौवा सीतापुर निवासी पंकज अवस्थी (36 वर्ष) पत्नी आरती अवस्थी, बेटा शौरभ अवस्थी, नैतिक व बेटी शिखा के साथ मिजार्पुर पुलिया, नहर रोड, जानकीपुरम विस्तार में रहते थे। पंकज अवस्थी राजगीर मिस्त्री का काम करते थे। बेटे शौरभ अवस्थी के अनुसार रात को काम से आने के बाद खाना खाकर सो गए। सुबह घर के सामने सड़क पर पड़े मिले। परिवारीजनों के अनुसार पंकज अवस्थी शराब पीने के आदी थे। मंगलवार रात को भी घर मे शराब पीकर आए थे। परिवारीजनों ने आशंका जताई जा रही हैं कि पंकज अवस्थी मंगलवार रात छत पर सो रहे थे रात में लघुशंका के लिए गए होंगे और शराब के नशे में होने की वजह से छत से गिर गए होंगे। पत्नी आरती अवस्थी, बेटा शौरभ अवस्थी, नैतिक व बेटी शिखा का रो रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## पूर्व आर्मी कर्मी की पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** थाना गुडम्बा क्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर जे निवासी संदीप श्रीवास्तव पूर्व आर्मी कर्मी है। वह ओला में गाड़ी चलाते हैं। घर में पत्नी शालिनी (49) और बेटा अक्षय है। संदीप श्रीवास्तव 4 सितंबर दिन बुधवार की सुबह चार बजे कार लेकर ड्यूटी पर चले गए। करीब 10:30 बजे सुबह बेटे अक्षय ने मां शालिनी के नहीं दिखने पर उनकी तलाश की। छत पर जाने पर शालिनी का शव जीने पर लगे दरवाजे पर साड़ी के फंदे से लटक रहा था। अक्षय ने पिता को घटना की सूचना दी। गुडंबा थाना प्रभारी नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, इसलिए सुसाइड की वजह पता नहीं चल सका है।

# रसूख हो तो इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार प्रभारी जैसा

- गौतमपल्ली में तैनाती के दौरान हुआ था बाराबंकी ट्रांसफर फोन से करायी थी आमद
- लखनऊ संबद्ध होने के बाद भी लगभग डेढ़ साल से हैं थाना प्रभारी
- अधिकारियों को जानकारी नहीं या इंस्पेक्टर की ऊंची पहुंच के आगे हैं खामोश

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** रसूखदार पुलिस अधिकारी अभी भी पुलिस तंत्र को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने की राह में रोड़ा बने हुए हैं। ऐसे में इन अधिकारियों पर तबादले का नियम लागू नहीं होने से उन अफसरों और पुलिस कर्मियों को मायूसी है जो ईमानदारी और कार्य क्षमता को ही मानक मानते है और पूरी ईमानदारी से काम करने में कटिबद्ध रहते हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लगभग हर




आईपीएस डिप्टी एसपी इंस्पेक्टर दरोगा व हर रैंक का अधिकारी लखनऊ में तैनाती चाहता है। इसकी वजह है की यहां काम करने से अच्छा तजुर्बा मिलता है और फिर अच्छा काम करने से आगे का मार्ग भी प्रशस्त होता है। राजधानी में तैनाती और कार्य का अच्छा प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण बिंदु होता है पुलिस कर्मियों के सर्विस का। मैं बात कर रहा हूं पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में तैनात इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी की जो गौतमपल्ली में कोतवाल के पद पर कार्यरत थे और उसी समय उनका बाराबंकी ट्रांसफर हो गया। सूत्रों की माने तो इनके रसूख का यह आलम है कि इन्होंने वहां जाना भी गंवारा नहीं किया और मोबाइल फोन से ही आमद करा ली और फिर अपनी पहुंच के चलते जुगाड़ लगाकर लखनऊ से संबद्ध करा लिया। बताया जा रहा है इस दौरान अधिकारियों ने भी इनके रसूख का सम्मान किया और फिर इन्हें गोमतीनगर विस्तार का थाना प्रभारी बना दिया। रसूख का इतना जलवा है कि संबद्ध होते हुए भी करीब डेढ़ साल से लखनऊ में अहम कोतवाली के थाना प्रभारी हैं। जबकि पुलिस नियम के अनुसार ट्रांसफर होने के आदेश के बाद जिले से अधिक से अधिक छः माह के भीतर रवानगी करवाना अनिवार्य है लेकिन यह नियम से शायद उन पुलिस कर्मियों के लिए ही लागू हैं जिनके पास रसूख नही है। पुलिस सूत्रो का कहना है कि जब कोई पुलिस कर्मी किसी जिले से संबद्ध होता है तो उसकी पोस्टिंग साइड में होनी चाहिए। हां अगर आप के पास रसूख या ऊंची पहुंच है तो आप उक्त जिले में बेहतरीन थाने पर पोस्ट हो सकते हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो लखनऊ में कई पुलिस कर्मी अंडर ट्रांसफर हैं लेकिन उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। जबकि लखनऊ से ट्रांसफर हुए पुलिस कर्मियों की ख्वाहिश है कि उन्हें ततकाल रवाना कर दिया जाए लेकिन अधिकारियों की क्या मजबूरी है जो उन्हें रवाना नहीं कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में देखा जाए तो कई एसीपी आफिस हैं जहां पर ट्रांसफर हुए सिपाही व दीवान काफी समय बीत जाने के बाद भी रवाना नहीं किए गये हैं। ऐसे में पुलिस निमयम का पालन करने वाले पुलिस कर्मियों पर इसका काफी असर होता है और वह अवषादित हो जाते हैं।

## एमआरआई और एमआरएस के मूल सिद्धांतों का किया वर्णन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व्याख्यान शृंखला में 17वां व्याख्यान बुधवार को डॉ हरीश पोपटानी ने दिया। वह एमएससी रसायन विज्ञान 1989 बैच के पूर्व छात्र हैं और वर्तमान में प्रोफेसर और अध्यक्ष, सेंटर फॉर प्रीक्लिनिकल इमेजिंग, आणविक और नैदानिक कैंसर चिकित्सा विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्टम्स, मॉलिक्यूलर एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी, लिवरपूल एल69 3बीएक्स, यूके हैं। डॉ पोपटानी का परिचय उनकी बैचमेट डॉ संगीता श्रीवास्तव ने दर्शकों से कराया और उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया। प्रो. आभा बिश्नोई ने उन्हें विभागीय स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

डॉ. पोपटानी ने ब्रेन ट्यूमर के उपचार प्रतिक्रिया के निदान और निगरानी में एमआरआई/एमआरएस की भूमिका विषय पर एक व्याख्यान दिया। मस्तिष्क ट्यूमर के निदान और निगरानी में चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) और चुंबकीय अनुनाद स्पेक्ट्रोस्कोपी (एमआरएस) महत्वपूर्ण उपकरण हैं। उन्होंने चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) और चुंबकीय अनुनाद स्पेक्ट्रोस्कोपी (एमआरएस) के मूल सिद्धांतों का वर्णन किया।

# गणपति पूजा : शहर में बन रहे भव्य पंडाल बने आकर्षण का केन्द्र





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में जल्द ही गणेश चतुर्थी की धूम शुरू होने वाली है। जगह-जगह पर पंडाल बनाने की तैयारी जोरों पर है। इस बार शहर के सबसे बड़े गणपति पंडालों में से एक झूलेलाल वाटिका में सातवीं शताब्दी में बने महारानी पद्मावती के चित्तौड़ के महल की तरह गणपति पूजा का पंडाल बनाया जा रहा है। इस भव्य पंडाल का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। बता दें कि सात सितंबर से गणपति पूजा शुरू होनी है।

**14000 वर्ग फीट में सजेगा पंडाल :** इस साल श्रीगणेश प्राकट्य कमिटी की ओर से हनुमान सेतु के पास स्थित श्री झूलेलाल वाटिका में 14,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में महल तैयार करवाया जा रहा है। पंडाल का ढांचा बनकर लगभग तैयार हो गया है। मुंबई के श्रीसिद्ध विनायक मंदिर की तर्ज पर यहां पर भी सिद्ध विनायक का दरवार सजाया जाएगा।

**वातानुकूलित और वॉटरप्रूफ होगा पंडाल :** गणेश चतुर्थी का त्योहार सात सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसी दिन से पंडाल में पूजा आरंभ होगी। कमिटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता के अनुसार यह महलनुमा पंडाल लगभग 90 फुट ऊंचा और पूरी तरह वातानुकूलित व वॉटरप्रूफ रहेगा। कोलकाता से आए लगभग 30 कारीगर इसे 10 अगस्त से तैयार कर रहे हैं।

**झूलेलाल वाटिका गणेश उत्सव:** गोमती नदी के किनारे झूलेलाल वाटिका में स्थित यह भव्य पंडाल लखनऊ का एक प्रसिद्ध आकर्षण है। यह त्योहार और विसर्जन समारोह के दौरान 10 दिनों तक भारी भीड़ खींचता है, जिससे यह शहर का सबसे लोकप्रिय पंडाल बन जाता है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि आप पास में ही हनुमान सेतु और हनुमंत धाम मंदिर भी जा सकते हैं, जो यहाँ से कुछ ही दूरी पर हैं! पंडाल में मूर्ति को हर साल की तरह ही आकर्षक आभूषणों और सजावट से सजाया जाता है। इसके अलावा, पंडाल के आस-पास लगने वाले मेले में सभी के लिए खाने-पीने की कई तरह की चीजें, राइड्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बहुत कुछ होता है।

**मनौतियों की चिट्ठी के लिए अलग से पंडालः** कमिटी के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मनौतियों के राजा गणपति को चिट्ठी लिखने के लिए इस बार चार हजार वर्ग फुट में अलग से एक भव्य पंडाल बनाया जाएगा। इस बार लोगों को चिट्ठी लिखने के लिए विशेष कागज मिलेगा।

**सिद्ध विनायक मंदिर जैसी मूर्ति स्थापित होगी :** झूलेलाल वाटिका में तैयार हो रहे पंडाल में मुंबई के श्रीसिद्ध विनायक मंदिर की प्रतिमा की तरह मूर्ति मूर्ति स्थापित की जाएगी। पीछे का बैक ग्राउंड भी सिद्ध विनायक मंदिर जैसा ही होगा। शहर के ही मूर्तिकार श्रवण प्रजापति साढ़े पांच फुट ऊंची गणेश जी की प्रतिमा बना रहे हैं।

**अलीगंज के राजा का गणेश पंडालः** अलीगंज सेक्टर बी के खूबसूरत चंद्रशेखर आजाद पार्क में स्थापित इस पंडाल को इस साल अपने पिछले स्थान गुलाब वाटिका से अलग कर दिया गया है। यह उत्साही आगंतुकों से गुलजार है और इसमें एक शानदार, नारंगी रंग की भगवान गणेश की मूर्ति है। यहाँ एक अनोखी बात यह है कि यहाँ प्रसिद्ध हस्तियों और भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी देने वाले स्टैंडीज मौजूद होंगे। ये स्टैंडीज जिज्ञासु मन, खासकर बच्चों को बहुमूल्य ज्ञान प्रदान करने के लिए निश्चित हैं। अगर आप इस अनमोल रत्न को देखना चाहते हैं, तो देर न करें क्योंकि यह कल तक ही उपलब्ध है।

## मेयर ने झूलेलाल वाटिका गणेश महोत्सव की तैयारियां परखीं



**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से इस वर्ष 7 से 17 सितम्बर तक झूलेलाल वाटिका मे होने वाले श्री गणेश महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करने राजधानी की महापौर सुषमा खर्कवाल आज कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को समस्याओं को दूर करने का शीघ्र निर्देश दिया। मेयर ने कार्यक्रम स्थल पर कूड़े के ढेर, गंदगी को सफाई करने निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान टॉयलेट की व्यवस्था करने आसपास की खराब सड़कों को तुरंत ठीक करने व सड़कों पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटलाइटों को तुरंत ठीक करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय से पहले समस्याएं दूर हो जानी चाहिए। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पार्षद रंजीत सिंह, महामंत्री सतीश अग्रवाल, संजय सिंह गाधीं, अखिलेश बंसल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। सभी ने मेयर जी से गणेशोत्सव मे आने का आग्रह भी किया।

## लखनऊ के गणेशगंज में 4 दशक से मनाया जा रहा गणेश उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** तहजीब के शहर-ए-लखनऊ का हर रंग निराला है। पहले आप की परंपरा को लेकर पूरी दुनिया में लक्ष्मण नगरी का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। श्रीराम के भ्राता लक्ष्मण द्वारा बसाई इस नगरी में नवाबियत की शान-ए- शौकत के किस्सो हर जुबां पर सदियों बाद भी सुनाई देता। हर समाज को अपने आंचल में समेटे खुद को उनके साथ समाहित करने की खूबियां ही लक्ष्मण नगरी को खास बनाती है। बात जब गणेशोत्सव की आती है तो नाम महाराष्ट्र का सबसे पहले आता है। न्यू हैदरगंज के व्यापारी सत्यनारायण अग्रवाल सहित कई व्यापारियों की पहल पर चार दशक पहले गणेशोत्सव की शुरूआत लक्ष्मणनगरी में हुई।

गणेशोत्सव से जुड़े रहे अंब्रीश अग्रवाल ने बताया कि महाराष्ट्र की तर्ज पर गणेशगंज के संतोषी माता मंदिर मैदान व गीता भवन में गणेशोत्सव की शुरूआत हुई। मेरी उम्र उस समय 10 से 12 साल थी। मुझे याद है कि हाथी घोड़े व गाजेबाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकलती थी और सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पर विजर्सन यात्रा निकलती थी। ढाल ताशे पर थिरकते श्रद्धालुओं की टोलियां शहर के सभी हिस्से से आकर यात्रा में शामिल होती थीं। इस परंपरा का निर्वहन अभी भी हो रहा। भेड़ी मंडी के महाकालेश्वर मंदिर स्थान नया, परंपरा पुरानीः समय के साथ सबकुछ बदला और इस सबसे पुरानी पूजा का स्थान बदल गया। भेड़ी मंडी के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में पिछले 12 वर्षों से तीन दिवसीय पूजा हो रही है। गणेशोत्सव पूजा समिति के अध्यक्ष अंब्रीश अग्रवाल ने बताया कि स्थान भले ही नया हो, लेकिन पूजन का स्वरूप अभी भी पुराना है। एक हजार आठ बार गजानन के नाम का जाप होता है। सुंदरकांड के साथ ही प्रथम पूज्य देव के सभी पूजन विधि विधान से किए जाते हैं।

# गुरबाणी कहे सेवक जन माने परतख गुरू निस्तारे...

## शहर के गुरुद्वारों में श्रद्धा व सत्कार से मना गुरु ग्रन्थ साहिब का प्रकाश पर्व







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जुगो-जुग अटल साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज के 420वां प्रकाश पर्व सिख सेवक जत्थे एवं श्री गुरु सिंह सभा की ओर से ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला सहित लखनऊ के सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

प्रातः का कार्यक्रम शबद चौकी से आरम्भ हुआ जिसमें पारम्परिक वेशभूषा में सुसज्जित पांच प्यारों की अगुवाई में पुरूष, महिलाएं व बच्चे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी को अपने कन्धों पर उठाकर शबद कीर्तन, वाहिगुरू का जाप करते सुगन्धित इत्र व फूलों की बरखा कर रहे थे।

खालसा इण्टर कालेज के छात्र एवं गुरू नानक विद्यालय चन्दर नगर की छात्राएं अपनी-अपनी वर्दी में बैण्ड बाजों तथा मधुर धुने बजाकर संगत का मन लुभा रहे थे। शबद चौकी के मार्ग को गुब्बारों के साथ बड़ी खूबसूरती से सजाया गया था गुब्बारों, फूलों एवं बिजली की झालरों के साथ सजाए गये दीवान हाल में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब का प्रकाश किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्टेज सेक्रेट्री सतपाल सिंह मीत ने बताया कि 2 सितंबर को रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब जी के पाठ की समाप्ति के उपरान्त रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने आसा दी वार का अमृतमयी कीर्तन गायन किया। रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह जी गुरुद्वारा आशियाना वालों ने अपनी मधुरबाणी में सभ सिक्खन को हुकम है, गुरू मानिओ ग्रन्थ..., बाणी गुरू गुरू है बाणी विच बाणी अमृत सारे। गुरबाणी कहे सेवक जन माने परतख गुरू निस्तारे... शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। ज्ञानी गुरजिन्दर सिंह ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब में दर्ज बाणी का व्याख्यान किया। विशेष रूप से पधारे रागी जत्था भाई हरभेज सिंह जी वडाला हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब ने ऐसै गुरू कउन बलि बलि जाइये आप मुकतु मोहि तारै..., दम दम सदा समालदा दम न बिरथा जाए..., शबद कीर्तन गायन संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं एवं सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने सिख सेवक जत्थे द्वारा श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के प्रकाश पर्व मनाये जाने एवं कार्यक्रमों के सहयोगी जत्थे बन्दियों की सराहना की और प्रकाश पर्व की बधाई दी। सिख सेवक जत्थे के अध्यक्ष स. राजवन्त सिंह बग्गा, स. कुलवन्त सिंह ने प्रकाश पर्व के अवसर पर पधारे रागी जत्थों, प्रचारक एवं समूह साध संगत का आभार प्रकट किया। संपूर्ण कार्यक्रम श्री गुरु सिंह सभा के महामंत्री हरमिंदर सिंह टीटू की देखरेख में संपन्न हुआ। दीवान की समाप्ति के उपरान्त कुलदीप सिंह सलूजा एवं सिक्ख यंगमेन्स एसोसिएशन की देखरेख में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुरू का लंगर समूह संगत में वितरित किया गया, समागम में जल की सेवा सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी एवं हैप्पी मिलन वाटर द्वारा की गई।

## याहियागंज गुरुद्वारे में मना प्रकाश पर्व

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व आज शाम बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉक्टर गुरमीत सिंह के संयोजन मे विशेष रूप से भाई हरभेज सिंह वडाला श्री दरबार साहब श्री अमृतसर ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे हुई एवं समाप्ति देर रात हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर डॉक्टर अमरजोत सिंह ने संगतो को प्रकाश पर्व की बधाई दी।



## जैन समाज का दशलक्षण पर्व 8 से, तैयारियां तेज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय दसलक्षण पर्व 8 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं। जैन मंदिरों मे पर्वाधिराज के स्वागत की तैयारी बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। आज प्रातः इंदिरा नगर स्थित 1008 भगवान महावीर जैन मंदिर मे विराजमान सभी मूर्तियों का मंजन (साफ सफाई का कार्य) बड़े ही जोश के साथ किया गया। सभी भक्तों ने भजनों को गाते हुए मूर्तियों की साफ सफाई मे लगे हुए थे। छोटे छोटे बच्चों के द्वारा भी इस कार्य मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जैन मंदिर मे विराजमान मूल नायक महावीर स्वामी की मूर्ति की सफाई के उपरांत ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भगवान स्वयं धरती पर उतर का विराजमान है और समोशरण मे सभी भक्त बैठ कर देशना सुन रहे हैं।

जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व मे जैन समाज के सभी लोग कुछ न कुछ त्याग अवश्य करते हैं। जीवन को संस्कारवान बनाने के लिए ये 10 दिन व्यक्ति के जीवन मे अत्यंत लाभकारी होते हैं। सभी जैन इन दिनों मे नियम संयम का पालन करते हैं। श्री जैन ने यह भी बताया की जहां एक ओर व्यक्ति अपने शरीर को डीटऑक्स कराने के लिए हजारों लाखों खर्च करते हैं वहीं जैन धर्म के पालन करने से व्रत उपवास करने से बिना किसी खर्च के आप अपने शरीर को डीटऑक्स कर सकते हैं। क्षमा से प्रारभ को कर क्षमा पर ही समाप्त होने वाले इस पर्व को जैन समाज बहुत उत्साहित है एवं आपने आराध्य देव शास्त्र एवं गुरु के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा समर्पित करने को तत्पर है।

## लखनऊ में भोजपुरी फिल्म 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' की शूटिंग शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जाने माने निर्देशक आदर्श जैन के कुशल नेतृत्व में भोजपुरी फिल्म 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' की शूटिंग विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ मे शुरू हो गई है। इस फिल्म को सुलझी हुई निर्मात्री अचला जैन, यामिनी जैन व निमार्ता धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी के द्वारा निर्माण की जा रही है। यह फिल्म हर वर्ग के दर्शको को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है. इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के राजधानी के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। फिल्म के केंद्रीय भूमिका में प्रदीप आर पांडेय चिंटू, काजल राघवनी और सपना चौहान, तन्नू श्री, अभिनव तिवारी नजर आयेंगे। उनकी कमेस्ट्री दर्शकों का फुल इंटरटेनमेंट करने वाली है।

खास बात बता दें कि इस फिल्म में पदम श्री अनूप जलोटा भी भक्तमय गीत के साथ दर्शकों को मन विभोर करते नजर आएंगे। फिल्म के कहानी के बारे में निर्देशक आदर्श जैन ने कहा कि ये कहानी बहुत ही अच्छी है जोकि आप सभी दर्शकों को आपके पुरानी यादों को ताजा कर देगी। साथ ही एक्शन, रोमांस, कॉमेडी, फैमली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। बाकी आप सभी को फिल्म देखने के बाद सब पता चल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म आदर्श जैन फिल्म सोशल वेलफेयर ट्रस्ट व आदर्श जैन फिल्मस हर्बल आयुवेर्दा बैनर द्वारा प्रस्तुत भव्य पैमाने पर पुरानी भोजपुरिया परंपरा, रीति-रिवाजों को समेटे हुए खाँटी माटी की महक से भोजपुरिया दर्शकों को ओत प्रोत करने के लिए बनाई जा रही है। भोजपुरी फिल्म दिल सच्चा चेहरा झूठा की निर्मात्री/निमार्ता अचला जैन, यामिनी जैन व धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी हैं। इस फिल्म के निर्देशक, पटकथा, संवाद आदर्श जैन का है। फिल्म के मुख्य कलाकार प्रदीप पांडेय चिंटू, काजल राघवानी, पदम श्री अनूप जलोटा, संजय पाण्डेय, अभिनव तिवारी, मनोज टाईगर, देव सिंह, सपना चौहान, रोहित सिंह मटरू आदि हैं।

# पं. लच्छू महाराज शिष्यों की रुचि के अनुसार नृत्य में प्रशिक्षित करते थे : कुमकुम आदर्श

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पं. लच्छू महाराज जितने अच्छे कलाकार थे, उतने ही श्रेष्ठ गुरु भी थे। यह कथक में लास्य भाव के सम्राट यूं ही नहीं कहे जाते। किसी भी कलाकार के बाडी लैंग्वेज को पढ़ लेते थे। वह शिष्य के खड़े होने, चलने और नृत्य करने के तरीके देखकर ही उसे कथक सिखाते थे। जैसे किसी के पैर छोटे होते तो उसे भावं पक्ष अधिक सिखाते। जिसके पैर से बोल न निकलते थे तो उसे अलग थे तरह से प्रशिक्षित करते। वह मानते कि पैर पटकने वाला कोई नृत्य नहीं होता। लच्छू महाराज की जयंती पर उनके शिष्यों व लखनऊ घराने से कथक सीखने वाले ने उन्हें याद किया।

लच्छू महाराज की शिष्या और वरिष्ठ कथक नृत्यांगना कुमकुम आदर्श कहती हैं, गुरुजी कलाकारों को बहुत जल्दी तैयार कर स्टेज पर उतार देते थे। पहले जो तैयार होता था, उसे आगे बढ़ाते थे। दूरदर्शन के एक कार्यक्रम में केंद्र के वाइडी पंडित ने गुरुजी के पांच शिष्यों (कुमकुम आदर्श, कपिला राज, कुमकुम घर, मालविका सरकार व शशि भारद्वाज) को पंचामृत नाम दिया तो यह महाराज को बहुत पसंद आया। वह अच्छे गुरु के साथ श्रेष्ठ शायर भी थे। वह कहते थे- मैं वो नगमा हूं जो खामोश है इक मुद्दत से, हस्ती-ए-साज को छेड़ा तो बिखर जाऊंगा। पं. लच्छू महाराज की शिष्या एवं कथक गुरु कुमकुम घर ने बताया कि पं. लच्छू महाराज शिष्यों की रुचि के अनुसार प्रशिक्षित करते थे। उन्होंने मयार्दा से कभी समझौता नहीं किया, लेकिन कथक को रोचक बनाने के लिए पौराणिक कथाओं का उपयोग किया। उन्होंने कई वर्ष कथक की शिक्षा दी। इसके बाद वह मुंबई चले गए और कई फिल्मों में नृत्य निर्देशक की भूमिका निभाई। फिर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर वह वापस लखनऊ आए और यहां गुरु शिष्य परंपरा को सीखने वाले कई शिष्य विभिन्न क्षेत्रों उनसे आगे बढ़ाया। उनसे में काम कर रहे हैं। मैंने उनसे जो सीखा, उसे बहुत लोगों को सिखाया।

### महाराज के प्रयासों से बना कथक केंद्र

स्थापना 13 नवंबर 1963 को की गई थी। प. लक्कू महाराज के प्रयासों से शासन ने 1972 में कथक केंद्र को अकादमी के अंतर्गत स्थापित किया। 1972 में जब लक्कू महाराज लखनऊ आए ती शुरू में कुछ महीने कालका बिदादीन ड्योढ़ी में ही रहे।

## फरंगी महली की रूहानी महफिल में मुल्क में भाईचारे की दुआ

**लखनऊ।** फरंगी महल में बुधवार को रूहानी महफिल का आयोजन हुआ। जिसमें शहर काजी मुफ्ती अबुल इरफान मियां ने मुल्क से तमाम खराबियों के दूर होने और अमन-अमान के साथ आपसी भाईचारा को बनाए रखने के साथ ही अदल व इंसाफ, प्यार मोहब्बत के साथ मुल्क वा मिल्लत की तरक्की के लिए खुसूसी दुआएं की गईं। इरफान मियां ने कहा कि बुजुगार्ने दीन का दस्तूर रहा है कि अपनी महफिलों में अपने मुरीदीन को जमा कर के ज़िक्र व इबादत में मशगूल करते थे। इसलिए कि अल्लाह के जिक्र से दिलों को सुकून व राहत मिलती है। दुनिया व आखिरत की परेशानियां दूर होती है। उन्होंने कहा कि नबी का फरमान है अपनी नियत को ठीक करो और दीन व दुनिया के तमाम कामों में दिखावे और रियाकारी से बचते हुए सिर्फ अल्लाह की रजा को पेशे नजर रखो।

## 30 साल बाद सूर्य और शनि ने बनाया दुर्लभ योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय-समय पर गोचर करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन के साथ देश- दुनिया पर पड़ता है।

आपको बता दें कि आपको बता दें कि ग्रहों के राजा सूर्य इस समय सिंह राशि में स्थित हैं। साथ ही शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ में विराजमान हैं। वहीं सूर्य कुंभ राशि में बैठे शनि से 180 डिग्री दूर स्थित हैं। ऐसे में इन दोनों के बीच समसप्तक योग बन रहा है। जिसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा। लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिनकी इस समय किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन लोगों को करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए समसप्तक योग अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस समय आपकी आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। साथ ही व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। वहीं कोई बड़ी व्यवसायिक डील हो सकती है। साथ ही नौकरी पेशा जातकों को ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और दूसरे स्थान से नौकरी का अच्छा प्रस्ताव भी मिल सकता है। वहीं इस समय आपको निवेश से लाभ हो सकता है। साथ ही इस समय आपको संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन राशि :** समसप्तक योग बनने से मिथुन राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। इसलिए इस समय आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही धन की सेविंग करने में आप सफल रहेंगे। साथ ही इस समय आप देश- विदेश की यात्रा पर जा सकते हैं। वहीं इस समय अगर आप नया बिजनस शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो इस अवधि में आपको अच्छा फायदा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और परिवार का हर कदम पर साथ भी मिलेगा। इस समय आप किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए समसप्तक योग शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आप लोकप्रिय होंगे। साथ ही समाज में आपको मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। वहीं इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शनदार रहेगा। साथ ही समाज में आप अपनी अलग पहचान बना पाने में कामयाब होंगे और वाहन व प्रॉपर्टी सुख मिलने की भी संभावना बन रही है। वहीं इस दौरान अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है। साथ ही इस अवधि में आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। वहीं नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# वाराणसी-श्री माता वैष्णो देवी के लिए चलेगी विशेष ट्रेन



- वाराणसी से चंडीगढ़, मुंबई के लिए चलेगी पूजा सेपशल ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी त्यौहारों के अवसर पर रेल यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियोंके संचालन का निर्णय लिया है। 04624 /04623 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - वाराणसी - श्री माता वैष्णो देवी कटरा आरक्षित फेस्टिवल विशेष गाड़ी एवं 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - बनारस - लोकमान्य तिलक टर्मिनस (साप्ताहिक) विशेष ट्रेन तथा 04211/04212 वाराणसी - चण्डीगढ़-वाराणसी त्योहार स्पेशल चलेगी।

श्री माता वैष्णो देवी कटरा से प्रत्येक रविवार 06, 13, 20 एवं 27 अक्टूबर, 03, 10, एवं 17 नवंबर तक 7 फेर चलायी जायेगी। वाराणसी से मंगलवार 08, 15, 22, 29 अक्टूबर, 05, 12 एवं 19 नवंबर तक 7 फेरे के लिए चलायी जायेगी। ट्रेन संख्या 04624 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी स्पेशल श्री माता वैष्णो देवी कटरा से रात 23.45 बजे प्रस्थान कर शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर, जम्मूतवी, पठानकोट छावनी, जलंधर छावनी जं., ढंढारी कलां, अम्बाला छावनी जं.,सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं.,लखनऊ चारबाग (उत्तर रेलवे), रायबरेली जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. होते हुए वाराणसी जं. अगले दिन रात 23.55 बजे पहुंचेगी।

जबकि ट्रेन संख्या 04623 वाराणसी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल सुबह 5.30 बजे रवाना होकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट, ढंढारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट छावनी, जम्मूतवी, शहीद कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर होते हुए श्री माता वैष्णो दवी कटरा सुबी 11.25 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनिमी के 02 कोच, स्लीपर के 07 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, ब्रेक वैन-01, एसएलआर-01 सहित कुल 22 कोच लगेंगे।

01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस स्पेशल बुधवार 30 अक्टूबर और 06 नवंबर को 02 ट्रिप्स चलेगी। स्पेशल ट्रेन एलटीटी से दोपहा 12.15 बजे प्रस्थान कर कल्याण जंक्शन, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, जबलपुर, कटनी जंक्शन, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, वाराणसी जं. होते हुए बनारस अगले दिन शाम 16.05 बजे पहुंचेगी। जबकि 01054 बनारस-एलटीटी स्पेशल बनारस से (गुरुवार) 31 अक्टूबर और 07 नवंबर को 02 ट्रिप्स के लिए चलेगी। बनारस से रात 20.30 बजे प्रस्थान कर वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण होते हुए एलटीटी अगले दिन रात 23.55 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06 कोच, स्लीपर के 10 कोच, सामान्य श्रेणी के 2 कोच, एसएलआर-01, सामान/जनरेटर/ब्रेक वैन-01 सहित कुल 20 कोच लगेंगे।

04211 वाराणसी से प्रत्येक रविवार को 26 अक्टूबर, , 02, 09 एवं 16 नवंबर को 4 फेरेके लिए वाराणसी जं. 14.30 बजे प्रस्थान कर माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, रायबरेली जं.,लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर-जगाधरी, अम्बाला छावनी जं. होते हुए चण्डीगढ़ जं. अगले दिन सुबह 7.45 बजे पहुंचेगी। जबकि चण्डीगढ़ से प्रत्येक शनिवार 27अक्टूबर, 03, 10 एवं 17 नवंबर को 4 फेरे के लिए चण्डीगढ़ से सुबह 9.30 बजे प्रस्थान5 कर अंबाला, यमुनानगरी जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ होते हुए रात 1.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में स्लीपर के 6 कोच, सामान्य श्रेणी के 5 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 02 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 4 कोच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 कोच, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच, जनरेटर-01 , एसएलआर-01 सहित कुल 21 कोच लगेंगे।

## रेलवे सुरक्षा बल अकादमी को मिला अति उत्कृष्ट सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अपनी प्रतिबद्ध, अनुशासित एवं समर्पित कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, लखनऊ को एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई जिसके तहत इस अकादमी को सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए क्षमता निर्माण आयोग के राष्ट्रीय मानकों के तहत उत्कृष्ट/अति उत्कृष्ट रेटिंग की मान्यता का प्रमाण-पत्र प्रदान करके अलंकृत किया गया है। इस मान्यता के अंतर्गत क्षमता निर्माण आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीईटी) की एक ऑनसाइट मूल्यांकन टीम द्वारा जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में आकर दिनांक 05 और 06 अगस्त को ऑनसाइट मूल्यांकन का कार्य किया गया एवं इस टीम द्वारा अकादमी की कार्यक्षमता को कुशलता से संतुष्ट होने तथा मानकों के अनुरूप होने पर अकादमी को यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया क्ल्ल्लेखनीय है कि भारत में केवल 5 फीसद शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों को ही यह शीर्ष स्तरीय रेटिंग प्राप्त हुई है। अकादमी के (महानिरीक्षक-सह-निदेशक बी. वेंकटेश्वर राव ने इस उपलब्धि के लिए अकादमी के समस्त कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए सराहना की एवं सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## डीआरएम ने किया प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों का निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ के डीआरएम एस. एम. शर्मा का अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मण्डल के प्रयागराज क्षेत्र में आगमन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने मण्डल के अनेक विभागों के शाखाध्यक्षों तथा अन्य अधिकारियों के साथ प्रयागराज संगम, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी कुम्भ मेला संबंधी तैयारियों को गहनता से परखा एवं स्टेशनों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माणधीन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष बल दिया।

प्रयागराज संगम स्टेशन पर पहुँच कर मण्डल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, सिक लाइन, वाशिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो का गहन निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्टेशन पर स्थित कार्यालयों में जाकर उपस्थिति रजिस्टर, मस्टर रोल एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए सभी को रेलवे द्वारा प्रदान की जाने अनिवार्य सुविधाओं का अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया तथा कर्मियों को उत्तम कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। फाफामऊ जं. स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक ने प्रगतिशील सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में अपने सुझाव और निर्देश पारित किया करउन्होंने रेल सुरक्षा बल, सिविल पुलिस एवं रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित किए जाने वाले होल्डिंग एरिया को बारीकी से देखा एवं इस बारे में संबंधितों से बातचीत करके उपयुक्त दिशा-निर्देश पारित किए। प्रयाग जं. स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक ने मेला अवधि में गाड़ियों के सुगम संचालन एवं यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपना निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी विश्राम गृह एवं स्टेशन भवन का निर्माण कार्य, कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित होल्डिंग एरिया, यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु प्रवेश एवं निकास द्वारों की व्यवस्था को परखा एवं प्लेटफॉर्म संख्या 03 एवं 04 में सुधार कार्य की बात बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने लिमिटेड हाइट सबवे/77 के निर्माण कार्य को देखा एवं संरक्षा संबंधी सभी नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए इस कार्य करने पर विशेष बल दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर प्रयाग जं. स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों के साथ संवाद भी स्थापित किया।

# कुलपति ने छात्रों को लविवि की उपयोगिता से कराया रूबरू

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में छात्र परिचय कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में किया। यह कार्यक्रम 4 से 7 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नये सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों का विश्वविद्यालय से परिचय कराना है।

पहले दिन वाणिज्य संकाय के छात्रों का इस कार्यक्रम से परिचय कराया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि हजारों आवेदकों में से केवल कुछ ही प्रतिभाशाली छात्रों का चयन होता है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय की 104 वर्षों की समृद्ध धरोहर और विविधता से भरे 20 हजार से अधिक छात्रों के समूह का उल्लेख किया, जिसमें देश-विदेश के छात्र शामिल हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में छात्रों के लगातार प्रवेश को इसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि हर संस्थान की अपनी विशिष्ट संस्कृति और पारिस्थितिकी तंत्र होता है, चाहे वह शैक्षणिक, अनुसंधान आधारित हो या खेल-केंद्रित और लखनऊ विश्वविद्यालय भी इससे अलग नहीं है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे यहां अध्ययन के दौरान विश्वविद्यालय की संस्कृति को और समृद्ध करें। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय और कॉलेज के उद्देश्यों में बड़ा अंतर है। जहां कॉलेज केवल शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं विश्वविद्यालय ज्ञान की सृजनता में संलग्न होते हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय नए विचारों के निर्माण, नवाचार को प्रोत्साहित करने और समाज के विकास में योगदान देने का केंद्र होते हैं। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनका भविष्य उज्ज्वल है और वे सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भी शामिल है, समग्र दृष्टिकोण पर जोर देती है यानि हर विषय का थोड़ा-थोड़ा ज्ञान अर्जित करना। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालय को केवल एक कोचिंग संस्थान के रूप में न देखें, बल्कि विश्वविद्यालय के जीवन में पूरी तरह से संलग्न हों।

## छात्राओं को महाविद्यालय की कार्यशैली से कराया अवगत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नवागंतुक छात्राओं का महाविद्यालय से प्रथम परिचय हुआ, जिसमें छात्राओं को अपने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा नियम व अनुशासन और एनसीसी, एनएसएस, योगभ्यास, खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, रोजगार संबंधित प्रशिक्षण आदि के बारे में अवगत कराया। साथ ही महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं ऑफिस स्टाफ से भी परिचय हुआ। कॉलेज में क्रियाशील प्लेसमेंट सेल, मल्टी एक्टिविटी सेंटर, व विभिन्न कमेटियों के बारे में तथा उनकी मेंबरशिप के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिज्ञासा शर्मा और उपासना स्वरूप ने किया। इस अवसर पर नवागंतुक छात्राएं भी महाविद्यालय से परिचित होकर अत्यंत हर्षित व आशान्वित नजर आयी। इसी श्रृंखला मे प्राचार्या ने सभी नवागंतुक छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वचन दिया व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कैंसर के लक्षण बताकर जागरूक किया



लखनऊ। मेडिकल कालेज में सर्वाइकल कैंसर के बारे में एक टॉक शो इनर व्हील क्लब बारादरी ने आयोजित किया। इसमें एचओडी डॉ. अंजू अग्रवाल व उनकी टीम ने कैंसर के लक्षण बताये। साथ ही जागरुक किया और बताया कि यह छुआछूत बीमारी नहीं है। वैक्सीन के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों का सम्मान भी किया। इस आयोजन में तनुश्री गुप्ता, डॉ. मीतुल रस्तोगी समेत कई पदाधिारियों की अहम भूमिका रही।

## जबरौली में होगा प्रदेश स्तरीय महिला पहलवानों का दंगल

मोहनलालगंज। शुक्रवार को जबरौली गाँव के दंगल में कई प्रदेशों के पहलवानों का जमावड़ा रहेगा। इस दंगल में पुरुष पहलवानो के साथ महिला पहलवान भी अपने दाव पेंच दिखायेगी। आयोजक जबरौली ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी ने बताया कि, शुक्रवार को गाँव मे लगने वाले वार्षिक मेले व दंगल का आयोजन हुआ है ।जिसमें शाम 3 बजे से दंगल का आयोजन होगा जिसमें देश के नामी पहलवान हिमाचल प्रदेश के बाबा लाठी, नेपाल से लकी थापा, पंजाब से विक्की, मेरठ से बब्लू, सहारनपुर से परवेज, हरियाणा से मुन्ना टाइगर, राजस्थान से कल्लू पहलवान, दिल्ली से मोंटी, बनारस से शेर सिंह जैसे पुरुष पहलवानो के साथ ही पंजाब से महिला पहलवान ज्योति शर्मा, हिमाचल प्रदेश से अल्का, दिल्ली से दिव्या जैसी नामी पहलवान हिस्सा लेंगे।

# केंद्रीय संस्कृत विवि विभिन्न स्थानों पर लगायेगा 1001 पौधे

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारत सरकार तथा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 4 से 19 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बुधवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के सभागार में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परिसर के ज्योतिष विद्या शाखा के वरिष्ठ आचार्य प्रो. मदन मोहन पाठक ने वैदिक मंत्रों के द्वारा सर्वविध शुचिता रखने का संदेश दिया तथा मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नईदिल्ली के शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा के संकाय प्रमुख आचार्य प्रो.लोकमान्य मिश्र उपस्थित होकर आंतरिक और बाह्य स्वच्छता के संदर्भ में सभी आचार्यों, छात्रों व छात्राओं को स्वच्छता रखने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष, वेद वेदांग संकाय प्रमुख तथा परिसर के निदेशक आचार्य प्रो.सर्वनारायण झा ने स्वच्छता ही सेवा इस ध्येय वाक्य को बताते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत परिसर में तथा लखनऊ के विविध स्थान में 1001 पौधारोपण का सुनिश्चय किया। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण व कार्यक्रम विवरण राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तथा शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा के आचार्य प्रो.गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के शुरूआत शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा के प्रशिक्षणार्थियों के वैदिक एवं लौकिक मंगलाचरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद अर्पण व्याकरण विद्या शाखा के वरिष्ठ आचार्य प्रो. भारत भूषण ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानंद मिश्र ने तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन डा.रुद्र नारायण नरसिंह मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी आचार्य गण, कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे थे।

# कृषि उत्पाद वर्ल्ड फूड इस्तांबुल में लोगों को कर रहे हैं आकर्षित

- वर्ल्ड फूड इस्तांबुल के दूसरे दिन उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विभिन्न देशों के उद्यमियों और प्रतिनिधियों के साथ की वार्ता
- इस्तांबुल प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादों की वैश्विक मांग पर हुई चर्चा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी वर्ल्ड फूड इस्तांबुल के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक फसलों और उत्पादों ने वैश्विक व्यापार जगत का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में उत्तरप्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने तुर्की समेत विभिन्न देशों के उद्यमियों और प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। उन्होंने इस मौके पर उत्तर प्रदेश के कृषि और औद्यानिक उत्पादों की वैश्विक बाजार में बढ़ती मांग और उनकी उन्नत उत्पादन तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने तुर्की में व्यापारिक समुदायों को उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार के अवसरों से अवगत कराया, जिससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को नई गति मिल सके। प्रदर्शनी में तुर्की सहित 38 से अधिक देशों के 1000 से अधिक प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया, जहां डेयरी, मांस, जैविक खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के उत्पादों ने अपनी गुणवत्ता और विविधता के कारण विशेष आकर्षण पैदा किया, जिससे उत्तर प्रदेश से कृषि एवं औद्यानिक फसलों और उत्पादों के निर्यात की संभावना प्रबल होगी।

## खाटू श्याम मंदिर कमेटी में मंत्री बने मानवेंद्र सिंह चौहान



लखनऊ। खाटू श्याम मंदिर की समिति में महाराज मानवेंद्र सिंह चौहान को मंत्री बनाये जाने पर लखनऊ के श्यामप्रेमियों ने हर्ष जताया है। गुरुवार को श्यामभक्त पीयूष सोमानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि महाराज मानवेन्द्र सिंह चौहान की नियुक्ति से श्याम मंदिर की व्यवस्थायें और बेहतर होंगी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। श्री सोमानी ने बताया कि लखनऊ में महाराज जी का आगमन होता रहा है और निकट भविष्य में पदाधिकारी के रुप में उनके आगमन पर श्याम प्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत की योजना बनाई जा रही है। खाटू श्याम मंदिर कमेटी में महाराज के मंत्री बनने पर सर्वश्री पीयूष सोमानी, आकाश सिंह, अभिषेक, शुभम मोदनवाल, अमन गुप्ता, अमित सुल्तानिया, अमरेंद्र चौधरी, शिवम जायसवाल, अमित अग्रवाल सहित अन्य श्यामप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# भाजपा सर्वव्यापी, सर्वग्राही और सर्वस्पर्शी संगठन निर्माण में विश्वास रखती है : पाठक

- उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा के नेतृत्व को लेकर साधा निशाना
- सदस्यता अभियान में प्रत्येक माननीय के लिए लक्ष्य तय : आनंद द्विवेदी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के सदस्यता अभियान पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में मानती है। हम सब कार्यकर्ता मिलजुल कर अत्यंत उत्साह के साथ इसमें जुटते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी को और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ मुझे और अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों को सदस्य बनाने का काम किया है।

सदस्यता अभियान की शुरूआत के साथ कल शाम 5:00 बजे तक 27000 से अधिक लोग ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके थे। पार्टी के प्रति जन-जन में जो विश्वास है ऐसा अन्य किसी पार्टी के प्रति देखने को नहीं मिलेगा। भाजपा और दूसरी पार्टी में बड़ा अंतर है। भारत निर्वाचन आयोग में करीब 1500 दल रजिस्टर्ड है जिसमें भाजपा पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था से कार्य करते हुए जब सदस्यता अभियान शुरू करती है तो जन-जन तक पहुंचाने का काम करती है। भाजपा सर्वव्यापी, सर्वाग्रही और सर्वस्पर्शी संगठन बनाने में भरोसा रखती है। हम सबको साथ लेकर जोड़ने का काम करते हैं। भाजपा तीसरी और चौथी पीढ़ी के लोगों को साथ लेकर आगे चल रही है। जिनके दादा और पर दादा ने पार्टी में काम किया है आज उनके नाती पोते भी भाजपा के साथ खड़े हैं। भाजपा के अतिरिक्त जो भी अन्य पार्टी है उसमें जो भैया की पार्टी है वह पिताजी से उन्होंने कैसे हासिल किया और भैया के बाद कौन आएगा तो सब बता देंगे कि भैया के बाद जब बेटा बड़ा जवान होगा तो पार्टी का अध्यक्ष वही बनेगा और कांग्रेस का नेता कौन होगा तो गांव का व्यक्ति भी बता देगा और दिल्ली में रहने वाला व्यक्ति भी बता देगा कि राहुल गांधी के बाद यदि वह शादी कर लेते हैं तो उनका पुत्र और पुत्री ही शादी के बाद कमान संभालेगा और नहीं तो प्रियंका गांधी के। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के अवसर पर हमारे कार्यकर्ता घर-घर गली-गली मोहल्ले और कस्बे में जायेंगे और एक-एक व्यक्ति को जोड़कर एक विशाल परिवार के रूप में पार्टी को खड़ा करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 2024 भाजपा का संगठन वर्ष है। जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ऑनलाइन सदस्यता के लिए इस बार सभी को 88 00 00 2024 पर मिस्डकॉल देना है। जिसके बाद मैसेज द्वारा आपका सदस्यता कोड मिलेगा। इसी के साथ एक लिंक आयेगा जिसपर जाकर सभी को डिजिटल फार्म भरना होगा जिसको सबमिट करते ही सदस्य का सदस्यता कार्ड बनकर आ जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 02 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चलेगा। भाजपा सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाना है। एक मोबाइल नंम्बर से एक ही सदस्य बन सकता है। 1 से 15 अक्टूबर के बीच समाज के विभिन्न वर्गों, जातियो समूहों को भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा और विभाग एवं प्रकोष्ठ को समूह विशिष्ट संपर्क आयोजित करना है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान व पूर्व सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत सदस्य नगर पालिका अध्यक्ष, सभासद, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, मोर्चा, प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल अध्यक्ष व मण्डल टीम, शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सभी को सदस्यता करानी है। सदस्यता अभियान से जुड़े किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए भाजपा की हेल्प लाईन नंबर 8880147147 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अंजनी श्रीवास्तव और सदस्यता अभियान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## लविवि में ई-एमबीए कोर्स की हुई शुरुआत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंध विभाग, प्रबंध अध्ययन संकाय के ई-एमबीए कार्यक्रम को विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि वे गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य के विकास और अनुकूलन और अपने करियर को आगे बढ़ाने में सहायता और सुविधा प्रदान कर सकें। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रबंधन के विशिष्ट आयामों को एक कार्य के रूप में और साथ ही बेहतर निर्णय लेने के लिए एक शिक्षा के रूप में प्रदान करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। कुलपति ने कहा कि मैं अभ्यर्थियों को अपने कैरियर के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में सीखने और पुरस्कृत यात्रा पर आगे बढ़ने और बिजनेस लीडर के रूप में विकसित होने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## एकेटीयू में शिक्षक दिवस समारोह आज

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में गुरूवार को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों का सम्मान होगा। कार्यक्रम दिन में 12 बजे से शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह रहेंगे।

# जीडीपी में नरमी

हालांकि एक तिमाही के आंकड़ों से अर्थव्यवस्था के पूरे परिदृश्य का आकलन करना जल्दबाजी होगी और वह भी तब जबकिअप्रैल-जून तिमाही के दौरान चुनाव भी था और गर्मी भी इस साल सामान्य से अधिक पड़ी। लेकिन फिर भी चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही की जीडीपी में जो शिथिलता आयी है, उस पर सरकार और आरबीआई दोनों को गंभीरता से गौर करना चाहिए। 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में आर्थिक विकास दर 6.7 फीसदी रही है। यह बीती पांच तिमाहियों में सबसे कम है। आरबीआई ने जो अपेक्षाएं की थीं और जो अनुमान (7.1 फीसद) लगाए थे, उनके मुताबिक आर्थिक वृद्धि कम रही है। कृषि, विनिर्माण, औद्योगिक उत्पादन, होटल, रियल एस्टेट, परिवहन आदि क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि दर कम रही। जबकि निर्माण, इस्पात, निजी गैर-वित्तीय सूचीबद्ध कंपनियों, सेवा क्षेत्रों में उछाल देखा गया है। हालांकि ये बढ़ोत्तरी इतनी अधिक भी नहीं है कि अर्थव्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव आ जाये। हालांकि समग्र रूप से आर्थिक विकास दर इतनी भी कम नहीं हुई है कि उलटी गिनती ही शुरू हो जाये। विकास दर 6.7 फीसदी रही है जो अब भी विश्व में सबसे तेज है, चीन, अमरीका, जापान, जर्मनी आदि देशों की विकास दरें भारत की तुलना में कम हैं। हालांकि इन देशों की सकल अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है। यदि इस बढ़ोत्तरी को ही मानक मान लिया जाए अथवा हमारी जीडीपी इसी के इर्द-गिर्द रहे, तो 2047 तक भारत विकसित देश नहीं बन सकेगा। हालांकि एक तिमाही के आंकड़ों को इतना विस्तारित करने की जरूरत भी नहीं है। लेकिन अर्थव्यवस्था की लय बनाये रखने और इसको हर-हाल में आठ फीसद की वृद्धि दर से आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि सरकार लगातार विकास को गति देने वाले उपाय करती रहे। विकास दर में कमी की दो बुनियादी वजह बताई जा रही है। एक तो निजी मांग और खपत में कमी आई है। मांग कम होगी, तो बाजार का भी संकुचन होगा। उसका प्रत्यक्ष प्रभाव उत्पादन पर पड़ता है। नतीजतन जीडीपी की विकास दर भी कम होती रहेगी। डाटा से स्पष्ट है कि कृषि क्षेत्र में वृद्धि दे फीसद रही। कारण कि फसलों पर भीषण लू का असर पड़ा। हालांकि बीते वर्ष यह विकास-दर 1.4 फीसदी ही रही थी, लेकिन कृषि की औसत बढ़ोतरी 3-4 फीसदी थी। कोरोना महामारी के दौरान भी कृषि की समग्र वृद्धि दर 3 फीसदी से अधिक थी, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को संबल दिया था। हालांकि इस बार मानसून बहुत अच्छा रहा है, लिहाजा कृषि की उपज बढ़ने की उम्मीद है। इससे बाजार में बढ़ती कीमतों पर भी कुछ अंकुश लगेगा। कृषि के अलावा, विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर 7 फीसदी रही है, जो वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 8.9 फीसद से कम है। औद्योगिक उत्पादन का डाटा भी दिखाता है कि उसकी बढ़ोत्तरी भी इस तिमाही में 3.8 फीसदी रही है। रिजर्व बैंक के डाटा के मुताबिक, सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियां 6.9 फीसदी की दर से बढ़ी हैं और उनका मुनाफा भी 14.2 फीसदी रहा है। निर्माण क्षेत्र ने जरूर सक्रियता दिखायी और पहली तिमाही में उसकी बढ़ोतरी 10.5 फीसदी रही। यह पिछले वित्त-वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान 8.7 फीसदी विकास दर से अधिक है। इस्पात क्षेत्र भी मजबूत रहा है, जबकि सीमेंट का उत्पादन अपेक्षाकृत कम हुआ। सेवा क्षेत्र, वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में बढ़ोतरी व्यापार, होटल, परिवहन और संचार क्षेत्रों से अधिक रही है। निर्माण और सेवा क्षेत्रों में सबसे अधिक रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में विकास दर बनी रहे लेकिन संतुलित प्रगति, रोजगार सृजन और गरीबी निवारण के लिए जरूरी है कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें।




**जीडीपी की विकास दर बीते पांच तिमाहियों में सबसे कम रही है, जबकि उच्च विकास बनाये रखना आवश्यक है।**

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# साल दर साल बाढ़, भूस्खलन का बढ़ता कहर





वीना सुखीजा

सितंबर माह का पहला सप्ताह खत्म होने की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन देश भर के मानसून पर नजर दौड़ाएं तो लगता है कि जैसे अभी धुर जुलाई का मध्य हो। महज 24 घंटे पहले ही मौसम विभाग ने मंगलवार आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। देश के इतने बड़े भू-भाग के लिए बारिश का एलर्ट तो बाकी सालों में जुलाई और अगस्त में भी नहीं जारी होता था, जितना बड़ा एलर्ट इस साल सितंबर के पहले गुजरते सप्ताह के उत्तरार्ध में जारी हो रहा है। यह एलर्ट भी सिर्फ कुछ घंटों के लिए नहीं है बल्कि अगले 24 घंटों से लेकर तीन दिनों तक के लिए है। मसलन आईएमडी के मुताबिक गुजरात के लिए अगले 3 दिनों में भारी बारिश की आशंका है। लेकिन सबसे बुरी हालत तो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की बनी हुई है। गुजरे 2 सितंबर 2024 को तेलंगाना सरकार ने कहा कि बारिश और बाढ़ से राज्य को कुल 5438 करोड़ रुपये का नुकसान अब तक हो चुका है।

सरकार के मुताबिक इस आफत की बारिश के कारण अब तक 110 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं, जिनमें 4000 से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। पिछले कई दशकों में ऐसी आफतनाक बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश और गुजरात का भी यही हाल है आंध्र प्रदेश में जहां एसडीआरएफ की 20 और एनडीआरएफ की 19 टीमें तैनात हैं, वहीं गुजरात में इस समय 10 नदियां और 130 से ज्यादा जलाशय खतरे के निशान के ऊपर से उफना रहे हैं। आंध्र प्रदेश में करीब 5 लाख लोग बारिश और बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। गुंटूर, कृष्णा, विजयवाड़ा, एनटीआर, एलुरु, पालनाडु, बापटला और प्रकाशम में हालात पानीपानी हैं। पूरे विजयवाड़ा में पिछले दिनों 24 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रही अभी भी हालात पूरी तरह से काबू में नहीं आये। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के मुताबिक उन्होंने पिछले 50 सालों में बारिश से कभी ऐसी तबाही नहीं देखी। नायडू के मुताबिक प्रदेश के ज्यादातर जिलों में हेलिकॉप्टरों, ड्रोन, नावों, ट्रैक्टरों और वैन के जरिए लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। लेकिन लगता है हालात अभी इससे भी बुरे होने वाले हैं क्योंकि मौसम वैज्ञानिकों को मानसून के देर तक बने रहने की आशंका है। वैज्ञानिकों को यह आशंका 30 अगस्त 2024 को गुजरात के आसमान में देखे गए डीप डिप्रेशन हुई है। क्योंकि जब भी इस मौसम में लो प्रेशर बनता हुआ दीखता है तो इसका मतलब होता है, इस बार मानसून की विदाई अनुमान से कहीं ज्यादा देर से होने वाली है। इसका मतलब यह है कि इस साल यह पूरे सितंबर भी रह सकता है और इसके आगे भी जा सकता है। बारिश ने किस कदर देश के कई हिस्सों में जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गुजरात और राजस्थान जहां आमतौर पर एक दशक पहले तक बहुत कम बारिश होती थी, वहीं इस साल इन दोनों प्रदेशों में अब तक ज्यादातर जगहों में 400 से 550 एमएम तक बारिश हो चुकी है। फिर भी बारिश अभी जाने का नाम नहीं ले रही। वैज्ञानिकों को आशंका है कि अगर मानसून का यह दौर सितंबर के अंत तक या इससे आगे भी जाता है तो खरीफ की फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता है। चावल, कपास, सोयाबीन, मक्का और कई तरह की दालें, ये वे फसलें हैं, जो आमतौर पर मध्य सितंबर के आसपास तक काटी जाती हैं। इन फसलों को भारी नुकसान तो होगा ही, इसके अलावा गेहूं, गन्ना, तिलहन के उत्पादन पर भी इसका फर्क पड़ेगा। आमतौर पर मानसून जून की शुरूआत में शुरू होता है और सितंबर के मध्य तक खत्म हो जाता है। लेकिन इस साल अभी तक मौसम के जो लक्षण दिख रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि बारिश का यह दौर अक्टूबर मध्य तक जाने वाला है। देश में हर साल बाढ़ आती है और कम से कम हर साल औसतन 75 लाख हेक्टेयर जमीन इससे प्रभावित होती थी। इस साल प्रभावित होने वाली जमीन करीब 95 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गयी है। ध्यान रखिये देश में कुल कृषि योग्य भूमि 1.82 करोड़ हेक्टेयर है जिसका मतलब यह हुआ कि लगभग आधी कृषि योग्य भूमि इससे प्रभावित है। फसलों, मकानों और जन सुविधाओं के लिहाज से करीब 2 से 2.5 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता था। जबकि इस साल तो करीब साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए का नुकसान तो अकेले तेलंगाना में ही हो चुका है, इसलिए अनुमान लगाया जा सकता है कि पूरे देश का नुक्सान कितना होगा। इसी तरह बाढ़ से हर साल आमतौर पर 1600 से 2000 लोगों की मौत हो जाती है। इस साल मौत के इस आंकड़े के 2500 से 3000 तक पहुंचने की आशंका है। बाढ़ से बिजली, पानी और गैस की आपूर्ति की समस्या के बारे में तो कुछ न कहा जाय वही ठीक है। वास्तव में जब भी कोई मौसम एक सीमा के बाहर चला जाता है तो वह इंसान का हत्यारा बन जाता है। बाढ़ सिर्फ लोगों और उनके माल असबाब कू ही नहीं डुबाती बल्कि अपने पीछे पानी से होने वाली बीमारियों की फौज लेकर भी आती है। लेकिन इस सबके बीच एक बात यह भी है कि भारत में आज से 70-80 साल पहले इतनी ज्यादा बाढ़ नहीं आती थी, जितनी इन दिनों देखने को मिल रही है। जाहिर है इसमें कहीं न कहीं हमारे विकास मॉडल की समस्या भी है। इससे साफ है कि हमने इसके स्थायी समाधान को लेकर कुछ नहीं किया। बाढ़ और भू-स्खलन की समस्या हमेशा परेशान करती रही है। केरल में तो वैसे भी भू-स्खलन बहुत बड़ी समस्या है, बावजूद इसके इस साल जितनी भयानक भू-स्खलन की त्रासदी केरल में देखी गई, हाल के सालों में वैसी कहीं और नहीं देखी गई। अगर वॉयनाड इलाके में ही आये भू-स्खलन को देखें तो यह इस साल की अकेली और कोई अलग-थलग घटना नहीं है बल्कि पिछले दस सालों में इस इलाके में चार से ज्यादा बार भू-स्खलन की बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके न तो सरकार ने और न ही इस इलाके में बार बार इमारतें खड़ी करने वालों ने सोचा कि भू-स्खलन की समस्या का कोई स्थायी समाधान हुए बिना वो कैसे बेफिक्र हो सकते हैं?

इस साल अगर पूरे सितंबर बारिश हुई और यह अक्टूबर के पहले सप्ताह तक भी खिंची, तो भारत की अर्थव्यवस्था की वार्षिक विकास दर का जो अनुमान विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष जैसी एजेंसियों द्वारा 7 से 8 फीसदी के बीच लगाया गया है, वह कहीं घटकर 5 से 6 फीसदी के बीच न आ जाए। और अगर ऐसा होता है तो खाद्यान उत्पादन में तो कमी आयेगी ही, 8 से 10 लाख नौकरियों का भी पत्ता साफ होगा। क्योंकि लगातार बारिश होने से कई क्षेत्रों में विकसित होने वाला नियमित रोजगार भी नहीं विकसित होगा। खासकर लॉजिस्टक के क्षेत्र में इस लगातार होने वाली बारिश से 2 से 3 लाख तक रोजगारों की कमी आयी है। हालांकि बारिश के बाद पुनर्निर्माण के मामले में हर साल जो बारिश के बाद 10 से 15 फीसदी कामगारों की मांग बढ़ जाती है, वह तात्कालिक मांग इस साल आसानी से 15 से 20 फीसदी तक बढ़ेगी। लेकिन बारिश के बाद होने वाली टूटफूट और मरम्मत से हम अर्थव्यवस्था में कायाकल्प होते नहीं देख सकते। अर्थव्यवस्था में कायाकल्प तभी होगी, जब हमारे विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में, औद्योगिक उत्पादन की दर सामान्य से 5 से 10 फीसदी ज्यादा रहेगी। लब्बोलुआब यह है कि जिस तरह से मानसून कुंडली मारकर बैठ गया है और फिलहाल अपने तुरंत जाने के कोई लक्षण प्रकट नहीं कर रहा, उसके चलते अगर 15 सितंबर के बाद 20 दिन भी मानसून और खिंचता है तो कई लाख करोड़ का नुकसान होगा।

**देश में हर साल बाढ़ आती है और कम से कम हर साल औसतन 75 लाख हेक्टेयर जमीन इससे प्रभावित होती थी। इस साल प्रभावित होने वाली जमीन करीब 95 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गयी है।**

**देश के कई राज्य भारी बारिश की चपेट में हैं।**

### सोशल मीडिया



आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अन्तर्गत अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर गौर–वान्वित हूं। जेपी नड्डा.



देश में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कानून के तहत होनी चाहिए तथा इनके अपराध की सजा उनके परिवार तथा नजदीकी लोगों को नहीं मिलनी चाहिए। मायावती.



अगर आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर कर बुलडोजर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइये, आपका भ्रम भी टूट जायेगा और घमंड भी। अखिलेश यादव

# असाधारण शक्तियां

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है।

शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# टांग अड़ाने में चैंपियन

व्यंग्यलोक

चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का खेल भी शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं।

अब 'उपयोगी' को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है( हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। पिताजी रात में हॉकी को अपने सिरहाने रखकर सोते थे ताकि घर में घुसे चोरों की हॉकी से धुनाई कर सकें। हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया खूब चली। लोगों ने अनेक बार देखी। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। उनमें विकट समानता है। दिखने में एक जैसी दिखती हैं। ऊपर से सीधी और नीचे से पंजे की तरफ टेढ़ी। सीधे भाग पर जोर देकर टेढ़े भाग से धौल जमाने का काम लिया जाता है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त 'धौल' के शब्दार्थ भिन्न है। एक को 'शॉट लगाना' कहते हैं और दूसरे को 'लात जमाना'। गोया कि टांग अड़ाना और हॉकी अड़ाना एक ही बात है। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते।



राकेश सोहम

# समाज में पुनर्जागरण का अग्रदूत होता है शिक्षक



शिक्षक दिवस आज

प्रो.आर.एन त्रिपाठी

शिक्षक दिवस ऐसा पर्व है जहां विद्यार्थी अपने गुरु को अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। यह ज्ञान की आराधना का सगुण पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी के प्रति अज्ञानी अर्थात शिष्य का गुरु के प्रति निष्ठा, श्रद्धा और सेवा समर्पण का पर्व है। हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं, वह भी हमारी धरोहर हैं। शिक्षक दिवस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के सेतु के पुनर्जागरण का दिन होता है। शिक्षक सामान्यतः महामानव होते हैं जिनकी कृपा से विद्यार्थी अपने जीवन में वास्तविक संपन्नता को प्राप्त करता है। आत्मिक पवित्रता और प्रखरता प्राप्त करता है। इसीलिए हमारे देश में मनस्वी तपस्वी राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति के रूप में नहीं बल्कि शिक्षक के रूप में अमरत्व प्राप्त किया है। उन्होंने शिक्षक के महत्व तथा उसकी गरिमा के दृष्टिगत कहा कि मेरा जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाये तो मुझे अपार खुशी होगी।

सामाजिक नैतिक और बौद्धिक प्रगति के लिए प्रत्येक व्यक्ति के पास एक शिक्षक होना जरूरी है। आज का मनुष्य अधिक सुविधा-संपन्न साधन-संपन्न है, वह कल्पना नहीं कर सकता कि आज के कुछ सौ वर्ष पहले व्यक्ति कितने अभाव में था, परंतु आज घर में सुख संतोष की दृष्टि से देखेंगे तो पूर्व से ज्यादा मनुष्य दीन-हीन और मलीन हो गया है, कारण क्या रहा कि सामाजिक नैतिक बौद्धिक क्षेत्रों में जो घुसी हुई भ्रांतियां हैं, जो मानवीय गरिमा को गिराने वाला आचरण है, मर्यादाओं को तोड़ने वाली परंपराएं इतना अधिक व्यक्ति से चिपक गई हैं कि व्यक्ति और परिवार दोनों में संवेदना का स्त्रोत ही सूखता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि केवल समाज और विद्यार्थी ही इसके शिकार हैं, शिक्षक भी इसका शिकार है और आज भी तमाम पथ-विचलित शिक्षक समाज में देखने को मिल रहे हैं। यहां एक बात और समीचीन है कि आज दुनिया की बीस प्रतिशत से ज्यादा वयस्क आबादी कहीं न कहीं अवसाद से पीड़ित है, अवसाद से मुक्ति के लिए हमें योग्य शिक्षक अथवा दूसरे रूप में कह सकते हैं कि डॉक्टर चाहिए। शिक्षक से तात्पर्य एक पथ प्रदर्शक से है जो जीवन के विभिन्न आयामों में आपको सच्ची राह दिखा सके, हमारे यहां कहा गया है

**गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई।**
**जउ बिरंचि शंकर सम होई।**

अर्थात गुरु सबकी अनिवार्यता है वह शिक्षक जो सत-असत ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके। उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर ही वह मार्गदर्शक बन सकता है। उसके ज्ञान का रोपण आप में तभी हो सकता है जब उसके प्रति आप मेंअपार श्रद्धा हो। यह श्रद्धा वही है, जिसके सहारे एकलव्य द्रोणाचार्य की प्रतिमा को असली समझ कर कुशल धनुर्धर बना और रामकृष्ण परमहंस जिस श्रद्धा से पत्थर की महाकाली में भोग लगाते थे। श्रद्धा प्राण तत्व होता है समर्पण का। आज आज शिक्षक दिवस पर विद्यालयों में तमाम कार्यक्रम होते हैं। शिक्षकों का एक दिन का सम्मान किया जाता है, अभिभावक भी इस दिवस को सामान्य तौर पर लेते हैं। परंतु जिस श्रद्धा के साथ एक दिन शिक्षक का सम्मान होता है और शिक्षक जिस श्रद्धा के साथ अपने विद्यार्थियों को प्रज्ञावान बनता है, वह यदि वर्ष भर चलता रहे तो निश्चित रूप से आज का यह समाज बदल जाएगा। शिक्षक दिवस पर इस समर्पण और श्रद्धा के साथ हम अपने नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास की राह में जो रोड़े हैं, उनको दूर करने के लिए प्रयास करें।

नई शिक्षा नीति में शिक्षकों के व्यापक स्तर को बदल दिया गया है। केवल संस्थागत शिक्षक ही शिक्षक नहीं है बल्कि जिसके पास तकनीकी कौशल और अनुभव के साथ ज्ञान है, वह भी शिक्षक बन सकता है परंतु आज विद्यालयों, विश्वविद्यालयों में देखा जाए तो निश्चित रूप से शिक्षकों में ऐसे संवर्ग विकसित हो गए हैं जिसमें एक दीन -मलीन स्थिति में है और एक काफी संपन्न। अतः सरकार का भी नैतिक दायित्व है कि शिक्षकों के बीच की जो यह खाई है उसमें साम्य अवश्य रखा जाये ताकि शिक्षक राष्ट्रोन्नयन की दिशा में सही कार्य कर सकें। इस वैज्ञानिक युग में भी जितने अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक और आचार्य हैं, जीवन के विभिन्न आयाम में चाहे वह संस्थागत हो या गैर संस्थागत, जो भी शिक्षा देता है, वे सभी शिक्षक हैं।

**(लेखक बीएचयू में समाज शास्त्र के प्रोफेसर हैं)**

## आप की बात

### हिन्दी हो न्यायालय की भाषा

न्याय में देरी दरअसल न्याय न मिलने के बराबर है। इससिलए यह जरूरी है कि समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने के लिए न्याय पालिका को पहल करनी चाहिए। न्याय पालिका का दायित्व है कि वह सरकार और अधिवक्ता संगठनों के साथ मिलकर ऐसी राह निकाले जिससे प्रत्येक पीड़ित को सस्ता और शीघ्र न्याय सुलभ हो सके। देश के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि कई बार लोग अदालती प्रक्रिया से तंग हो किसी तरह समझौता करना चाहते हैं। लोक अदालतों की उपलब्धियां और संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। पारस्परिक रूप से स्वीकृत समझौते के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, यह लंबी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है और यह हम सभी जजों के लिए चिंता का विषय है। मुझे हर स्तर पर लोक अदालत के आयोजन में बार और बेंच समेत सभी से जबरदस्त समर्थन और सहयोग मिला। चीफ जस्टिस ने कहा कि जब लोक अदालत के लिए पैनल गठित किए गए थे, तो यह सुनिश्चित किया गया था कि हर पैनल में दो जज और बार के दो सदस्य शामिल होंगे। इसके पीछे उद्देश्य अधिवक्ताओं को संस्था पर स्वामित्व देना है, क्योंकि यह ऐसी संस्था नहीं है जो सिर्फ जज संचालित करें। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि विशेष लोक अदालत की शुरूआत सात बेंचों से हुई थी। क्योंकि हमें संदेह था कि हम सफल हो पाएंगे। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को अश्वस्त करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं। इसी मौके पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मध्यस्थता लंबे समय से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है और आत्मनिरीक्षण करने की शक्ति विवादों को सुलझाने में मदद करती है। वैवाहिक विवाद निपटाने में लोक अदालतों की भूमिका सराहते हुए कहा कि पहले जो काम परिवार के बुजुर्ग करते थे, अब वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र कर रहा है। दरअसल जब उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश देश के कानून मंत्री की उपस्थिति में न्याय प्रक्रिया की कमजोरी को जग जाहिर कर रहे हैं, तब यह बात भी गौर करने वाली है कि इस समस्या का समाधान भी इन दो लोगों के साथ में ही है। देश के न्यायालयों में न्यायाधीशों की कमी मुकदमे लंबित होने का एक बड़ा कारण है लेकिन जिस तरह तारीख पर तारीख दी जाती है, इस कमजोरी पर भी वकीलों और न्यायाधीशों को गंभीरता से चिंतन करना चाहिए। जन साधारण को न्यायिक प्रक्रिया से परेशानी का एक बड़ा कारण न्याय मिलने में देरी है, तो दूसरा कारण न्यायालयों में अंग्रेजी भाषा में हो रहा काम-काज है।

**चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### युवाओं को रोजगार से जोड़ें

देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी बेकार की बातें भरी पड़ी हैं।

**वीरेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## साकेत महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम कल

**अयोध्या।** का.सु.साकेत महाविद्यालय, अयोध्या के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु शासन के शासनादेश के अनुपालन में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 6 सितंबर को बी कॉम के छात्र-छात्राओं है का कार्यक्रम जेपीएन हाल में होना सुनिश्चित किया गया है।जिसके प्रभारी प्रो अशोक कुमार मिश्र को बनाया गया है। 7 सितंबर बी.एस - सी गणित वर्ग के एवं बी. सी. ए. के छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। जिसके प्रभारी प्रो शिव कुमार तिवारी और डॉ इंदु प्रताप मिश्र को बनाया गया है।बीएससी बायो ग्रुप के छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम 9 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे जेपीएन हाल में होना है। जिसके प्रभारी प्रो अरविंद शर्मा को बनाया गया है। 10 सितंबर बी ए के छात्र और 11 सितंबर 2024 को बी ए की छात्राओं का होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें प्रो प्रणय कुमार त्रिपाठी और डॉ सरला शुक्ला को प्रभारी बनाया गया है। बी एड और एल एल बी का कार्यक्रम 12 और 13 सितंबर को जेपीएन हाल में निर्धारित किया गया है।जिसकी प्रभारी प्रो शिखा वर्मा और प्रो अशोक कुमार राय को बनाया गया है।

# मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए जिले के पांच शिक्षक

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी वर्ष 2023-2024 के सम्मान संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन एवं आयोजक अध्यक्षता समाजवादी पुरानी पेंशन सभी को मिलेगी तदर्थ शिक्षकों को विनिमित किया जाएगा आउटसोर्सिंग समाप्त कर सबको परमानेंट किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एसपी सिंह पटेल ने कहा कि जब भी समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है तब तब प्रदेश में विकास हुआ है।उन्होंने कहा कि नेता जी ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों

- **मयूरी तिवारी, शबीब फात्मा, डॉ. ताराचंद तन्हा, डॉ. हीरालाल यादव व डॉ सौरभ पटेल को मिला सम्मान**

शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने किया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने शिक्षकों के लिए जो काम किए हैं आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किया। नेताजी एक शिक्षक थे वह शिक्षकों का दुःख-दर्द जानते थे। उन्होंने हमेशा शिक्षा जगत में जो काम किया है उसे आज भी शिक्षक याद करते हैं। नेता जी ने संस्कृत विद्यालय मदरसा जूनियर माध्यमिक विद्यालयों को एडेड बनाया शिक्षकों को 2 वर्ष सेवा विस्तार देकर सेवा को 62 वर्ष किया। श्री पाल ने कहा सपा की सरकार बनने पर का विकास किया है। सम्मान संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि नेताजी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी नेताजी के बताए हुए रास्ते चलकर बेरोजगारी भत्ता कन्या विद्याधन महिला पेंशन फ्री लैपटॉप फ्री स्वास्थ्य जांच जैसे तमाम अनेक योजनाएं चलाई गई थी। जो वर्तमान सरकार ने बंद कर दी है।

विशिष्ट अतिथि शिक्षक सभा के प्रमुख महासचिव डॉक्टर कमलेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय नेताजी रक्षा मंत्री रहते हुए देश की सीमाओं सुरक्षित रखा उन्होंने सैनिकों के लिए जो काम किया है सैनिक आज भी नेताजी को



याद करते हैं। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने शिक्षकों के सम्मान को बढ़ाने के लिए हर वह कोशिश की जिसके शिक्षक हकदार थे उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस पर ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है।

मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने वाले प्रमुख शिक्षक शिक्षिकाएं-श्रीमती मयूरी तिवारी प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद सत्य नारायण इंटर कॉलेज शाहगंज मिल्कीपुर, श्रीमती शबीब फात्मा सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनेथू पूरा ब्लॉक, डॉक्टर ताराचंद तन्हा सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा मवई, डॉक्टर हीरालाल यादव प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय वनखोदवा मिल्कीपुर, डॉ सौरभ पटेल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगंज हैरिंग्टनगंज को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री आनन्दसेन यादव, बीकापुर विधान सभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, वरिष्ठ नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह अनूप, प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव, पूर्व प्रमुख रामअचल यादव, छेदी सिंह, हाजी असद अहमद, बलराम मौर्या, विधान सभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव, पंकज पाण्डेय, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचन्द यादव, महानगर प्रवक्ता अधिवक्ता राकेश कुमार यादव, बाबूराम गौड़, एजाज अहमद, जेपी यादव, चै0 बलराम यादव, सरोज यादव, अपर्णा जायसवाल, सच्चिदानन्द पाण्डेय, पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, औरंगजेब खान, कमलेश सोलंकी, रामभवन यादव,तिवारी,संजय यादव, अजय मिश्रा, इश्तियाक खान, वीरेन्द्र गौतम, अंगद यादव,प्रवीण राठौर, सूर्यभान यादव, सन्टी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएम के हाथों नवनियुक्त अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र



**बहराइच।** मिशन रोजगार अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्त सेवा चयन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रकिया के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के 1334 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन को लखनऊ लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में मा. जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कुमारी मीरा देवी पुत्री विनोद कुमार मिश्रा निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुरवा जिला बहराइच को अवर अभियन्ता (सिविल) को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, सरयू नहर के नोडल दिनेश कुमार, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## चिकित्सक चयन के लिए साक्षात्कार 12 को

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद-बहराइच में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रिक्त संविदा चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस.) के पद पर चयन हेतु 12 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक विकास भवन सभागार में साक्षात्कार आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने बताया कि आवेदित अभ्यर्थी मूल अभिलेखों के साथ ससमय साक्षात्कार की प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय पहुंच कर घायलों का जाना कुशलक्षेम



**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री मत्स्य/जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच आनन्द कुमार गोंड, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंचकर मानव मानव जीव में घायल मरीजों कमला देवी, सुमनदेवी व अफसाना का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद चिकित्सालय प्रशासन को निर्देश दिया कि भर्ती घायल मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## आस्था और विश्वास से मिलेंगे भगवान: धनंजय दास

**बरेली।** राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के 34 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। वृंदावन से आए कथा व्यास धनंजय दास ने संगीत मय कथा सुनाते हुए भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ ही श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का वात्सल्य भाव भक्तों को अनायास ही आकर्षित कर लेता है। यही भाव भक्तों के पापों का हरण करता है। उन्होंने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उन में गाए जाने वाले पांच गीत भागवत के पांच प्राण है।

## डाकघर में स्पीड पोस्ट के लिए बी.एन.पी.एल सेवा का विस्तार



**अयोध्या।** अयोध्या प्रधान डाकघर में बुक नाउ पे लेटर की सुविधा को आज से केनरा बैंक, इनसाइड बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की लोन शाखा को जोड़कर सेवा का विस्तार किया गया। इस सेवा के अंतर्गत किसी भी बैंक, संस्था तथा प्राइवेट संस्था अपने पत्रों को बी.एन.पी.एल सेवा के तहत बुकिंग सामान्य स्पीड पोस्ट पत्रों की तरह बुक करवा सकता है डाक विभाग इस बी.एन.पी.एल सेवा को अपनाने वाले संस्थाओं को उनके स्थान से पिकअप की सुविधा तथा माह की समाप्ति पर बिल का भुगतान करने की सेवा दे रहा है। अभी तक डाक विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आई डी बी आई डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग सहित दर्जनों बैंको व प्राइवेट संस्था को सेवा का लाभ दे रहा है।

## व्यापार मंडल के प्रांतीय सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**अयोध्या।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल का प्रांतीय सम्मेलन एवं त्रिवार्षिक चुनाव 8, 9 सितंबर को आगरा में होगा जिसमें बड़ी संख्या में अयोध्या व्यापार मंडल से व्यापारी जाएंगे जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी ने बताया कार्यक्रम की तैयारी बैठक व प्रेसवार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 20 व्यापारी जिनको वोट देने का अधिकार है चुनाव में भाग लेंगे जिला महामंत्री रमेश चैरसिया ने बताया 2024 से 2027 तक का त्रियवार्षिक चुनाव अग्रवाल भवन वाटर पार्क आगरा में होगा जिसमें हजारों की संख्या में प्रदेश से व्यापारी इकट्ठा होंगे जिमसें अध्यक्ष, 8 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, 15 उपाध्यक्ष, 7 संयुक्त महामंत्री ,15 मंत्री, एक प्रचार मंत्री, दो संयुक्त प्रचार मंत्री, 15 संगठन मंत्री, 10 कार्यकारिणी सदस्य और कोषाध्यक्ष का निर्वाचन होगा।

# प्राचीन हनुमान मंदिर के पुनर्स्थापना की सूचना पाकर श्रद्धालुओं में छाया उल्लास

**अयोध्या।** शहर के सीतापुर नेत्र चिकित्सालय तिराहा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर जो की राम पथ निर्माण की चैड़ीकरण के दौरान प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था हिंदू आस्था और भावनाओं को देखते हुए मंदिर के पुनर्स्थापना की अनुमति प्रशासन और शासन स्तर से प्रदान कर दी गई है, उक्त मंदिर का निर्माण सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के ठीक सामने खाली पड़ी जमीन पर किया जाएगा , मंदिर पुण्य निर्माण की सूचना प्राप्त होते ही सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्तो द्वारा, एवं समिति के सदस्यों द्वारा मंगलवार की रात सुंदरकांड का पाठ आयोजन कर प्रशासनिक अधिकारियों को एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया है कि मंदिर निर्माण पूर्ण होने के



उपरांत प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलवाकर इसका उद्घाटन करवाया जाएगा, कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश वैद्य द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ के दौरान आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों धर्म सेना प्रमुख संतोष दूबे, हनुमानगढ़ी के प्रमुख संत राजू दास जी महाराज , हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, महंत अभिरामाचार्य,बार एसोसिएशन के अधिवक्ता पारस नाथ पांडेय, अधिवक्ता गिरीश तिवारी ,बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री सुरेंद्र मिश्रा बबलू , अधिवक्ता शैलेंद्र जायसवाल, अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह आदि का भगवा गमछा पहन का स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से हनुमानगढ़ के प्रमुख संत राजू दास जअध्य्कुमार,तिकुमार, रवि वैद्य, सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन ओवर ब्रिज और क्षतिग्रस्त सड़को का उठा मुद्दा

**अयोध्या।** आगामी श्री गणेश पूजा महोत्सव के संबंध में एक संयुक्त बैठक जिला प्रशासन और केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के पदाधिकारियों तथा सभी श्री गणेश पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह की उपस्थिति में डी एम सभागार कचेहरी में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने जिला प्रशासन को महोत्सव से संबंधित सभी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया जिसमें मुख्य रूप से फतेहगंज लालबाग क्रॉसिंग स्थित निमार्णाधीन ओवर ब्रिज और नगर की क्षतिग्रस्त सड़को का मुद्दा मुख्य रूप से उठाया गया। ज्ञात हो की इन्हीं मार्गो से श्री गणेश पूजा की विसर्जन शोभायात्रा और दुगार्पूजा तथा रामलीला की परंपरागत शोभायात्रा निकलती है, लेकिन अभी जो स्थिति है उसमें शोभा यात्रा का निकल पाना संभव ही नहीं है। इसी के साथ ही श्री जायसवाल ने पूरे नगर में जगह-जगह पड़ रही सीवर लाइन की वजह से क्षतिग्रस्त मार्गो की समस्या को भी जिला प्रशासन के समक्ष रखा और मांग की की त्यौहार के पूर्व ही इन सभी मार्गो को अवश्य ठीक कर दिया जाए। इसके साथ ही दुर्गा पूजा एवं रामलीला का त्योहार संपन्न होने तक किसी नई जगह पर खुदाई नहीं की जाए। बारिश के कारण हो रही जल भराव की समस्या की तरफ भी जिला प्रशासन को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जनपद के सभी रेलवे क्रासिंग के बीच गड्ढे के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही है जिसे सही करने पर विशेष जोर देते हुए विसर्जन स्थल गुप्तार घाट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, गोताखोर, जल पुलिस, प्रकाश व्यवस्था,पैरामेडिकल स्टाफ आदि पूर्व की भांति बहाल रखे जाने का अनुरोध किया। बेसहारा पशुओं की समस्या को भी दूर किए जाने की आवश्यकता है जिससे मेले के दौरान भारी भीड़ में कोई दुर्घटना होने की आशंका ना रहे। केंद्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ता ने संपूर्ण नगर को त्योहारों के समय विद्युत कटौती से मुक्त रखने की मांग की तथा पूरे नगर को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की भी मांग की। उन्होंने विसर्जन शोभायात्रा के दौरान शराब एवं मीट की दुकानों को बंद किए जाने का भी जिला प्रशासन से अनुरोध किया। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी महोदय के साथ पुलिस अधीक्षक नगर ने सभी समस्याओं के समय पूर्ण निराकरण का तथा पूर्ण सुरक्षा के साथ भव्यता के साथ संपन्न कराने का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर सभी समस्याओं के विभागो के मध्य समन्वय बनाकर पूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों ने पूजा समिति के पदाधिकारियों से विद्युत और अग्नि सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या रखने लिए मया बाजार से ध्रुव गुप्ता, पूराबाजार से प्रमोद सोनी, भदरसा से दयालु जी, अयोध्या से रमापति पांडे तथा सोहावल से अनिल गुप्ता ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

बैठक में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, सी ओ सिटी शैलेंद्र सिंह, बृज कार्पोरेशन के सी पी वर्मा,रेलवे के दिग्विजय नगर कोतवाल अश्वनी पांडे के साथ केंद्रीय समिति के सहसंयोजक गगन जायसवाल, रामलीला प्रभारी पी एन राय,पुलिस विभाग के समन्वयक जे एन चतुवेर्दी,वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर, विद्युत विभाग के समन्वयक सुप्रीत कपूर, नगर निगम के प्रभारी राजेश गौड़, जोनल प्रमुख बजरंगी साहू, अखिलगुप्ता,मुकेश श्रमिथिलेश सोनकर आदि सहित तमाम विभागो के अधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सरकार ने फसल की क्षतिपूर्ति का किया भुगतान

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां कृषि के निमित्त मौसमी व बारहमासी फसलों में लगभग 66 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में लगी रहती है जहाँ कृषि से उसे रोजगार मिलता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास में कृषि की सफलता देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग की तरफ अग्रसर करती है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी कृषि क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत योगदान है। देश के विकास में चल रही योजनाओं की सफलता में भी कृषि का योगदान होता है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। आज बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए भी जमीन से उत्पन्न होने वाली विभिन्न फसलों के अधिक उत्पादन की आवश्यकता है। विभिन्न उद्योग-धन्धे, व्यवसाय भी कृषि पर आधारित होते हैं। ऐसे में किसानों की फसलों को दैवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई करना जरूरी हो गया ।किसानों के हित में प्रदेश सरकार अनेकों कल्याणकारी एवं फसलोत्पादन में लाभकारी योजनायें संचालित कर उनकी आय दोगुनी करने में भरपूर सहयोग दे रही है। किसान वर्ष भर मेहनत कर खेत की जुताई. बुआई, निकाई, सिंचाई एवं खाद डालकर फसल तैयार करता है। फसलों में विशेषकर खरीफ व रबी की फसलें होती है। खेती किसानी में किसान के पूरे परिवार की मेहनत लगती है। समर्पित एवं कड़ी मेहनत करते हुए परिवार को अच्छे ढंग से पालन पोषण की आशा बनाये रखकर किसान फसल तैयार करता है। किन्तु यदि अधिक वर्षा, आँधी, तूफान, पाला, बर्फबारी, ओले, कीट, फसलरोगो, आग आदि दैवी आपदा आ गई और फसल नष्ट हुई तो किसान की पूरी मेहनत और लागत बरबाद हो जाती है। ऐसी स्थिति में किसान सडक पर आ जाता है, उसकी समस्त कमाई नष्ट हो जाती है। सिर पर हाथ रखकर रोने के सिवा किसान के पास कुछ नहीं होता। ऐसी स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए किसानों की आपदा के दौरान नष्ट हुई फसल की क्षतिपूर्ति करने और किसानों को सम्बल प्रदान करने के लिए ही भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जनवरी 2016 से शुभारम्भ किया है। इस योजना के लागू होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। जो किसान ऋण/उधार पैसे लेकर खेती में लगाते थे, उन्हें इस योजना से बड़ा फायदा हो रहा है तथा उनकी आय में स्थायित्व भी आ रहा है। भारत सरकार की यह योजना उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर लागू किया गया है ।इस योजना में ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से तथा अन्य कृषक स्वैच्छिक आधार पर सम्मिलित किये गये हैं। बीमित राशि को फसल के उत्पादन लागत के बराबर जनपद स्तर पर अधिसूचित किया गया है। सभी फसलों हेतु वास्तविक प्रीमियम दर लागू किये गये हैं। प्रीमियम मद में कृषक की देयता को खरीफ फसल में अधिकतम 2 प्रतिशत तथा रबी फसल में अधिकतम 1.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। नकदी व औद्यानिकी फसलों हेतु प्रीमियम मद में कृषक की देयता अधिकतम 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। कृषक द्वारा वहन किये जाने वाले प्रीमियम अंश से अधिक व वास्तविक प्रीमियम दर अन्तर की समस्त धनराशि को अनुदान के रूप में केन्द्र राज्य द्वारा बराबर वहन किया जाता है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में फसल की उत्पादन लागत के अनुरूप बीमित राशि निर्धारित की गई है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 में खरीफ 2024 तक कुल 287.71 लाख बीमित कृषकों द्वारा 255.36 लाख हेक्टे. क्षेत्र में फसलो का बीमा कराया गया।

# कही बदला लेने के लिए तो हमले नहीं कर रहे भेड़िये

- **जनवरी-फरवरी में बहराइच में ट्रैक्टरसे कुचलकर मर गये थे भेड़ियों के दो बच्चे**
- **विशेषज्ञों ने जतायी आशंका, पूर्व में इंसानों ने उनके बच्चों को हानि पहुंचाई होगी**

एसपी मिश्र

बहराइच। जिले में आदमखोर भेड़ियों के बढ़ते हमलों के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़िये बदला लेने वाले जानवर होते हैं और संभवतः पूर्व में इंसानों द्वारा उनके बच्चों को नुकसान पहुंचाए जाने के प्रतिशोध के रूप में ये हमले किए जा रहे हैं। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र के लोग मार्च से भेड़ियों के आतंक का सामना कर रहे हैं। बरसात के मौसम में हमले बढ़े हैं और जुलाई माह से लेकर सोमवार रात तक इन हमलों से सात बच्चों सहित कुल आठ लोगों की मौत हो चुकी है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित करीब 36 लोग घायल भी हुए हैं।

भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी और बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन अधिकारी रह चुके ज्ञान प्रकाश सिंह अपने तजुर्बे के आधार पर बताते हैं कि भेड़ियों में बदला लेने की प्रवृत्ति होती है और पूर्व में इंसानों द्वारा उनके बच्चों को किसी ने किसी तरह की हानि पहुंचाई गई होगी, जिसके बदले के स्वरूप ये हमले हो रहे हैं।
सेवानिवृत्त होने के बाद वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सलाहकार के तौर पर सेवाएं दे रहे सिंह ने पूर्व के एक अनुभव का जिक्र करते हुए बताया, 20-25 साल पहले उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार में भेड़ियों के हमलों में 50 से अधिक इंसानी बच्चों की मौत हुई थी।
पड़ताल करने पर पता चला था कि कुछ बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था। भेड़िया बदला लेता है और इसीलिए उनके हमले में इंसानों के 50 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई।
बहराइच में भी कुछ ऐसा ही मामला लगता है। उजौनपुर और प्रतापगढ़ के हमले की गहराई से पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि अपने बच्चे की मौत के बाद भेड़िये काफी उग्र हो गए थे। वन विभाग के अभियान के दौरान कुछ भेड़िये पकड़े भी गए थे, लेकिन आदमखोर जोड़ा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में कामयाब भी होता गया। हालांकि, अंततः आदमखोर भेड़िये चिह्नित हुए और दोनों को गोली मार दी गई, जिसके बाद भेड़ियों के हमले की घटनाएं बंद हो गईं। बहराइच की महसी तहसील के गांवों में हो रहे हमलों का पैटर्न भी कुछ ऐसा ही एहसास दिला रहा है।
उन्होंने कहा, इसी साल जनवरी-फरवरी माह में बहराइच में भेड़ियों यों के दो बच्चे किसी ट्रैक्टर से कुचलकर मर गए थे। तब उग्र हुए भेड़ियों ने हमले शुरू किए तो हमलावर भेड़ियों को पकड़कर 40-50 किलोमीटर दूर बहराइच के ही चकिया जंगल में छोड़ दिया गया। संभवतः यहीं थोड़ी गलती हुई। सिंह ने बताया, चकिया जंगल में भेड़ियों के लिए प्राकृतिक वास नहीं है। ज्यादा संभावना यही है कि यही भेड़िये चकिया से वापस घाघरा नदी के किनारे अपनी मांद के पास लौट आए हों और बदला लेने के लिए हमलों को अंजाम दे रहे हों। अभी तक जो चार भेड़िये पकड़े गए हैं, वे सभी आदमखोर हमलावर हैं, इसकी उम्मीद बहुत कम है। हो सकता है कि एक आदमखोर पकड़ा गया हो, मगर दूसरा बच गया हो। शायद इसीलिए पिछले दिनों तीन-चार हमले हुए हैं।

बहराइच के प्रभागीय वन अधिकारी अजीत प्रताप सिंह का भी कहना है, शेर और तेंदुओं में बदला लेने की प्रवृत्ति नहीं होती, लेकिन भेड़ियों में होती है। अगर भेड़ियों की मांद से कोई छेड़छाड़ होती है, उन्हें पकड़ने या मारने की कोशिश की जाती है या फिर उनके बच्चों को किसी तरह का नुकसान पहुंचता है, तो वे इंसानों का शिकार कर बदला लेते हैं।

देवीपाटन के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने कहा कि अगर आदमखोर भेड़िये पकड़ में नहीं आते हैं और उनके हमले जारी रहते हैं, तो अंतिम विकल्प के तौर पर उन्हें गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों को पकड़ने के लिए थर्मल ड्रोन और थर्मोसेंसर कैमरे लगाए गए हैं। जिम्मेदार मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी या तो क्षेत्र में डटे हुए हैं या मुख्यालय से स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## शिक्षकों को खेल खेल में पढ़ाने के गुर सिखाए गए

चरगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड पिपराइच क्षेत्र अन्तर्गत स्थित स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार में सोमवार से शुरू शिक्षक प्रशिक्षण के तीसरे दिन बुधवार को खेल-खेल में गणित और भाषा को सिखाने के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। निपुण भारत मिशन के तहत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी) बुनियादी भाषा एवं गणित आधारित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में एनसीईआरटी के पुस्तकों (सारंगी, आनंदमय गणित और मृदंग) को पढ़ाने के बारीकियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। आपको बताते चलें कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर वर्तमान शैक्षिक सत्र से ही कक्षा-1 व 2 में एनसीईआरटी के पुस्तकों से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई की शुरूआत हो चुकी है। प्रशिक्षक अभय कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, महेंद्र कुमार पटेल, रामनेत सिंह, स्नेह लता शर्मा व निपुण सेल के नितिन कुमार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा सृजित नई पुस्तकों से छात्रों को पढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों को अपडेट किया।

# पराजय के भय से उपचुनाव कराने में देरी कर रही सरकार: अखिलेश सिंह

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी ने मिल्कीपुर के संभावित उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल तथा मिल्कीपुर उप चुनाव के प्रभारी राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह कुमारगंज के एक गेस्ट हाउस में पहुंचकर कार्यकताओं के साथ बैठक किया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा हमें विधानसभा के उपचुनावों के लिए तैयार रहना चाहिए अगर विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करना है तो संगठन न्याय पंचायत स्तर तक मजबूत करना होगा। राष्ट्रीय सचिव श्री सत्यनारायण पटेल ने कहा राष्ट्रीय नेतृत्व गठबंधन में सीटों के बंटवारे को तय करेगा पर हमें उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर मजबूती के साथ कार्य करना होगा। कार्यकर्ता बैठक में पांच कार्यकताओं ने विधानसभा उप चुनाव लड़ने के लिए पूर्व प्रत्याशी बृजेश रावत के अलावा राजेंद्र रावत , पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती ,कुमारगंज नगर पंचायत के सभासद संतोष कुमार कोरी,राम अवध पासी ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता और विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी अखिलेश सिंह फैजाबाद पहुंचकर पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री के आवास पर पत्रकार वार्ता की। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने कहा राहुल गांधी संसद से सड़क तक भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों के विरूद्ध संघर्ष कर रहे हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैक फुट पर हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश की भाजपा सरकार पराजय के भय से उपचुनाव कराने में देरी कर रही है, उत्तर प्रदेश सरकार के शासनकाल में अयोध्या में धर्म के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्येक विधानसभा में मजबूत संगठनात्मक ढांचा बनाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ,युवा नेता अंकुर खत्री ,पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला, पूर्व विधायक माधव प्रसाद, अशोक कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, रामेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। कुमारगंज में गेस्ट हाउस में हुए कार्यकर्ता बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद,प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम ,महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय,महानगर अध्यक्ष सविता यादव,प्रदेश कोआर्डिनेटर शैलेंद्र पांडेय, दिनेश शुक्ला, शिव पूजन पांडेय संजय तिवारी, बृजेश रावत, तेज बलि पांडेय, प्रशांत पांडेय विकास सिंह, शिवबहादुर दुबे, संतोष कुमार ,राम सागर रावत सहित सैकड़ों कॉग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## टाटा की मिड-एसयूवी कर्व 9.99लाख में लॉन्च

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज अपनी नई एसयूवी कूपे, टाटा कर्व, को 9.99लाख रुपये की शुरूआती कीमत में लॉन्च किया है। यह टाटा मोटर्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और कंपनी ने इसके साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में नई शुरूआत की है। टाटा कर्व तीन इंजन विकल्पों के साथ आती है, जिसमें एडवांस डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन शामिल है। यह नए हाइपीरियन गैसोलीन इंजेक्शन इंजन, 1.2लीटर रेवोट्रॉन पेट्रोल इंजन, और 1.5लीटर क्रायोजेट डीजल इंजन के साथ उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार विकल्प मिलते हैं। खास बात यह है कि कंपनी ने डीजल इंजन में सेगमेंट का पहला डुअल क्लच ट्रांसमिशन पेश किया है। टाटा मोटर्स ने अपनी नई प्रीमियम एसयूवी कूपे, टाटा कर्व, को लॉन्च कर इस सेगमेंट में बड़ा बदलाव लाया है। यह बॉडी स्टाइल दुनिया भर में अपनी अनोखी डिजाइन और महत्वाकांक्षी रूप के लिए जानी जाती है। कर्व अपनी तरह की पहली कार है जिसमें सबसे बेहतरीन सुरक्षा दी गई है इसमें कई नई विशेषताएं और पावरट्रेन के अलग-अलग विकल्प भी दिए गए हैं।

## लैंसर कंटेनर ने इंडोनेशियाई कंपनी के साथ करार किया

नई दिल्ली। 'लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड' ने एक प्रमुख इंडोनेशियाई कंपनी, पी.टी.मैप ट्रांस लॉजिस्टिक, सुरबाया, के साथ 10,000 टीईयू (बीस-फुट कंटेनर और चालीस-फुट कंटेनर) लीज पर देने के लिए एक करार किया है। लैंसर कंटेनर्स लाइन्स लिमिटेड का प्रबंधन इस रणनीतिक करार को लीजिंग गतिविधियों को बढ़ाने में एक कदम के रूप में देखता है जिससे कंपनी को अपने व्यवसाय का विस्तार करने और शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस करार से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि इससे कंपनी का समग्र विकास होगा जिसके परिणामस्वरूप कंपनीकी बाजार स्थिति मजबूत होगी।

## स्कोडा की ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो लॉन्च

मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो संस्करण लॉन्च किया है। स्पोर्ट्स थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कुशाक और स्लाविया में ऑल-न्यू स्पोर्टलाइन रेंज भी लॉन्च की है। स्कोडा ऑटो ने इन कारों की खरीद के लिए जबर्दस्त ऑफर की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षक मूल्य पर अपनी पसंदीदा कार तलाश करने के विकल्पों को बढ़ाया है।

## फ्लिपकार्ट के11 फुल फिलमेंट सेंटर लॉन्च

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट अपने महत्वपूर्ण आयोजन द बिग बिलियन डेज 2024 के एक और यादगार संस्करण के साथ उत्कृष्टता को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है टीबीबीडी 2024 से पहले फ्लिपकार्ट ने नौ शहरों में 11 नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च किए हैं जिससे देशभर में फ्लिपकार्ट के एफसी की संख्या 83 पर पहुंच गई है सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ फ्लिपकार्ट रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस देशभर में अपनी सप्लाई चेन में 1 लाख से ज्यादा नए रोजगार सृजित करेगा। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों को सशक्त करते हुए और इस साल त्योहारी सीजन के दौरान आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ फ्लिपकार्ट की परिचालन क्षमताओं को मजबूत करना है।

## बीकेटी टायर्स ने की साझेदारी की घोषणा

मुंबई। ऑफ-हाइवे टायर बाजार में अग्रणी खिलाड़ी और एक भारतीय बहुराष्ट्रीय समूह बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) को यूपी टी20 2024 लीग के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, बीकेटी के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव पोद्दार ने कहा कि हम यूपी टी20 2024 लीग के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है। यह एक एकीकृत शक्ति है जो पूरे देश में लाखों प्रशंसकों को एक साथ लाती है। यह साझेदारी हमारे दर्शकों के साथ उनके जुनून के माध्यम से जुड़ने और खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है जो हमारे ब्रांड के साथ प्रतिध्वनित होती है।

# सेंसेक्स 200 अंक गिरा



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 202 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में भी 14 दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 81 अंक टूटा।

अमेरिकी बाजार में नरमी की आशंका को लेकर वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और धातु शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 202.80 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,352.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 721.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 81.15 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,198.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 196.05 अंक टूट गया था। इससे पहले, लगातार 14 दिन की तेजी में निफ्टी 1,141 अंक यानी 4.59 प्रतिशत चढ़ा था। अमेरिका में विनिर्माण के कमजोर आंकड़ों से वहां की अर्थव्यवस्था में चिंता बढ़ी है। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। घरेलू स्तर पर ठोस संकेतक के अभाव में बाजार पर वैश्विक रुख का असर देखने को मिलेगा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स में प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार लगभग आधा प्रतिशत नीचे आया। अमेरिकी बाजारों में गिरावट के बाद एशिया के अन्य बाजारों की तरह निफ्टी नुकसान के साथ खुला। हालांकि, बाद में कारोबार के दौरान बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले प्रमुख शेयरों में चुनिंदा लिवाली से काफी हद तक नुकसान की भरपाई हुई। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 0.15 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी कारोबार के दौरान गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे।

# सोने में 450 रुपये की गिरावट और चांदी 1,650 रुपये लुढ़की



नयी दिल्ली। दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में सोने में यह गिरावट आई है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 1,650 रुपये लुढ़ककर 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

इसके अतिरिक्त, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू स्तर पर आभूषण विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों की कमजोर मांग के साथ-साथ वैश्विक प्रभाव के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,519.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। मंगलवार को निराशाजनक अमेरिकी विनिर्माण आंकड़े जारी होने के बाद बुधवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोने में गिरावट आई, जिससे सभी वित्तीय परिसंपत्ति वर्गों में दुनियाभर में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे बाजार की धारणा निराशाजनक हो गई। अमेरिकी आर्थिक आंकड़े जारी होने से पहले डॉलर में मजबूती, मुनाफावसूली और समायोजन के कारण कॉमेक्स सोने में गिरावट आई। चैनवाला ने कहा कि वर्तमान में सर्राफा सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है, क्योंकि व्यापारी शुक्रवार को आने वाले अमेरिकी रोजगार आंकड़ों का सतर्कतापूर्वक इंतजार कर रहे हैं।

## समुद्री संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरतः सान्याल

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि भारत समुद्री संचालन में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की ओर बढ़ रहा है। इसलिए उसे जहाजों और पोत परिवहन बुनियादी ढांचे के प्रति अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और समुद्री संसाधनों और क्षमताओं में निवेश, निर्माण और उपयोग के तरीके में बदलाव लाने की जरूरत है।

सान्याल बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के सहयोग से ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले सागरमंथन : द ग्रेट ओशन्स डायलॉग के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आयोजकों के बयान में कहा गया, यह कार्यक्रम 18-19 नवंबर, 2024 को होगा... आगामी वार्ता नीली अर्थव्यवस्था, समुद्री लॉजिस्टिक, बंदरगाह, पोत परिवहन, जलमार्ग, महत्वपूर्ण खनिज, विविध आपूर्ति श्रृंखला, वैश्विक समुद्री अर्थव्यवस्था एवं प्रशिक्षण और श्रम मानकों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में अपनी बढ़ती प्रमुखता के साथ, भारत समुद्री संचालन व्यवस्था में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने की जरूरत



नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में नये विचार लाने तथा युवाओं को शामिल करने के लिए स्टार्टअप लाने की जरूरत पर बुधवार को जोर दिया।

हरित हाइड्रोजन इंडिया 2024 के दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि 11 से 13 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इस कार्यक्रम में 120 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमें स्टार्टअप लाने की जरूरत है क्योंकि इसके लिए युवा तथा नए विचारों की आवश्यकता है। इस आयोजन का मकसद हरित हाइड्रोजन मिशन को आगे बढ़ाना है, जिसके लिए सरकार ने 19,744 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। प्रदर्शनी में हरित हाइड्रोजन के उत्पाद तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित 120 से अधिक दुकानें (स्टॉल) होंगी। 150 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय वक्ता इसमें शामिल होंगे। यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और नीदरलैंड मुख्य रुचि के क्षेत्र होंगे और इन पर सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक कार्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के साझेदार फिक्की और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया हैं।

## निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना 30 सितंबर तक बढ़ायी गयी

नयी दिल्ली। सरकार ने एमएसएमई निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है।

निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी। जून में इसे दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापार नोटिस में कहा, व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है... इसमें स्पष्ट किया गया कि वह योजना केवल सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माण निर्यातकों के लिए है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे पहले आठ दिसंबर 2023 को इस योजना को 30 जून तक जारी रखने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी थी। निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि बढ़कर 60.9 रही



नयी दिल्ली। भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ी। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार देखा गया। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है। इसे काफी हद तक उत्पादकता लाभ और सकारात्मक मांग के रुझान से समर्थन मिला। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के लिए समग्र पीएमआई में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही। कीमतों की बात करें तो कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई, विनिर्माण तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में भी यही रुख देखने को मिला। इससे अगस्त में आउटपुट मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई। सर्वेक्षण में कहा गया, भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में शुल्क मुद्रास्फीति की समग्र दर मध्यम रही। जुलाई में देखी गई वृद्धि की तुलना में भी यह वृद्धि धीमी रही। वहीं रोजगार का स्तर मजबूत बना रहा, हालांकि जुलाई की तुलना में नियुक्ति की गति मामूली धीमी रही।

## फिलाटेक्स माइंस को 661 करोड़ के निर्यात ऑर्डर

नई दिल्ली। सॉक्स एवं कॉटन उत्पाद निमार्ता कंपनी फिलाटेक्स फैशन लिमिटेड की सहायक कंपनी फिलाटेक्स माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड को एक महीने में कुल मिलाकर 661 करोड़ रुपए के निर्यात ऑर्डर हासिल हुए हैं। खनन व्यवसाय में कार्यरत कंपनी की सहायक कंपनी, फिलाटेक्स माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 29 अगस्त, 2024 को घोषणा की कि उसे 1,59,000 टन पॉलिश्ड मार्बल टाइलों की आपूर्ति के लिए गिनी गणराज्य स्थित कंपनी, सोसाइटी डीआईएमओ - बीटीपी एसएआरएल (एसडीबीएस) से 5 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए ऑर्डर मिला है, जिनकी कीमत 43,875,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 368 करोड़ रुपये) होने का अनुमान है।

# रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ बंद



मुंबई। निवेशकों द्वारा जोखिम वाली परिसंपत्तियों से दूरी बनाये रखने के कारण घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 84.02 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने रुपये के नुकसान पर कुछ अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.96 प्रति डॉलर पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 83.95 से 84.01 प्रति डॉलर के दायरे में इसमें घट-बढ़ हुई। दिन के अधिकांश समय में रुपये में 83.95-83.97 प्रति डॉलर के दायरे में उतार-चढ़ाव आया। अंत में रुपया 84.02 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर 83.98 से चार पैसे की गिरावट है। कमजोर घरेलू बाजार और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और एफआईआई प्रवाह ने गिरावट को कम किया। भारत की सेवा पीएमआई अगस्त में 60.9 हो गया, जबकि पूर्वानुमान 60.4 था और जुलाई में यह 60.3 था। इस बीच, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 202.80 अंक गिरकर 82,352.64 अंक पर और निफ्टी 81.15 अंक गिरकर 25,198.70 अंक पर बंद हुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत घटकर 101.65 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.41 डॉलर प्रति बैरल रह गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 1,029.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

## पेज एक का शेष

### वजीरगंज के

नशरा घर के बाहर खेल रही थी, तभी उसकी चप्पल पास में बह रहे खुले नाली में गिर गई। अपनी चप्पल देखने गई नशरा अचानक पैर फिसलने से नाले में गिर गई जो कि बहाव के साथ बड़े नाले में बह गई। इसकी जानकारी करीब दो घंटे बाद करीब 5 बजे परिजनों को लगी। इसके बाद पुलिस, स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीम रेस्क्यू में जुट गई लेकिन अभी तक बच्ची का सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सपा विधायक रविदास मल्होत्रा ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही की वजह से घटना घटित हुई। इतना बड़ा नाला खुला हुआ है, जो नगर निगम की कार्यशैली पर अपने आप में सवालिया निशान खड़ा करता है। विधायक ने कहा कि अगर बच्ची को कुछ हो जाता है तो सरकार परिजनों को एक करोड़ मुआवजा दे। हालांकि विधायक ने यह भी कहा कि अगर सही से बच्ची की तलाश की जाए तो वह जिंदा मिल सकती है। हो सकता है वह कहीं फंसकर बच गई है। रविदास ने कहा कि वह विधायक निधि से इस क्षेत्र में सभी नालों पर जाली लगवाएंगे। मोहम्मद इरफान ने बताया कि उसकी 6 साल की बेटी बारिश के दौरान अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी अचानक पैर फिसल गया और वह नाले में गिर गई। जब तक हम लोग पहुंचे कुछ पता नहीं चला। वहीं, बच्ची की मां ने बताया कि वह घरों में काम करती है। मां ने बताया कि वह बच्ची को खाना देकर काम पर गई थी। 2 घंटे बाद फोन पर सूचना मिली कि बिटिया पानी में बह गई है। अब तक बच्ची का कुछ पता नहीं चला है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचकर पूरी स्थिति का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने कहा कि हादसा अफसोसनाक है। अभी तो रेस्क्यू पर जोर दिया जा रहा है। इसके बाद और दूसरी चीजों की जांच की जाएगी।

### रिश्तों को और

लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे। वोंग और ली मोदी को अलग-अलग भोजन पर आमंत्रित करेंगे। मोदी सिंगापुर के व्यापारिक नेताओं से भी मिलेंगे और देश के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस यात्रा से सिंगापुर और भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में तालमेल बढ़ेगा। दोनों प्रधानमंत्री सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जनशक्ति कौशल के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इससे कौशल केंद्रों से लेकर सिंगापुर की कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण और भर्ती तक, भारत के युवाओं को बेहतर कौशल और अवसर मिलेंगे।

### बेटी व

को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी ने भी बेटी पर गंदी नजर डाली तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा। मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर फूलपुर स्थित इफको में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण रोजगार एवं ऋण वितरण मेला में लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उनका चौराहों पर जुलूस निकलवाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को सुरक्षा और सम्मान और प्रदान करने को कटिबद्ध है। अपराधियों को किसी भी रूप में बख्शेंगे नहीं।

श्री योगी ने करीब 650 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रोजगार मेले में करीब 90 कंपनियां आई थी। उन्होने10 हजार छात्र-छात्राओं को लैपटाप एवं स्मार्ट फोन का भी वितरण किया। श्री योगी ने मंच से कुछ छात्र और छात्राओं को अपने हाथ से लैपटॉप और समार्ट फोन दिया।

उन्होंने कहा कि हर बेटी को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का दायित्व है। हर व्यापारी को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य सरकार करेगी। मैंने पहले ही कहा था कि माफिया अगर सिर उठाने का काम करेगा तो उसे मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। यही कहने के लिए आया हूं कि जो बड़ी बड़ी घोषणा कर रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो माफिया के सामने कभी नाक रगड़ते थे। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। ये दंगाइयों और माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे। इन्हें बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। योगी ने कहा कि हमने पहले भी लोगों ने कहा था कि अपराध और अपराधियों को बख्शेंगे नहीं। जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे। हम सुरक्षा और सम्मान सबको देंगे। विकास सभी का करेंगे। लेकिन, किसी ने राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। जुलूस निकलवा देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्ही माफियाओं ने राजू पाल की हत्या की थी। राजू पाल एक गरीब परिवार से थे। विधायक बने थे। लेकिन, किस निर्ममता के साथ उनकी हत्या हो गई थी। उस समय इन्हें याद नहीं आ रहा था। इन्हें अपनी कुर्सी की चिंता थी। राजू पाल जैसे गरीब मारे जाते हैं। उमेश पाल जैसे लोग मारे जाते हैं। ये जो जाति-जाति के नाम पर लड़ाने वाले लोग हैं। आज जो तमाम प्रकार की बात कर रहे हैं। तमाम प्रकार की घोषणा कर अपने मनबढ़ई में करने का फिर से दुस्साहस कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जो टीपू सुल्तान बनने का ख्वाब फिर से देख रहे हैं। यही टीपू थे जो माफिया के सामने नाक रगड़कर आपके सामने पहचान का संकट खड़ा करते थे। इन माफियाओं को गले का हार बनाकर रखते थे।

उन्होने कहा कि आज बड़ी बड़ी घोषणा करने वाले लोग माफिया के सामने कभी नाक रगड़ते थे। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। ये दंगाइयों और माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे। इन्हें बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। श्री योगी ने कहा हमारी सरकार में दंगे नहीं हुए हैं। पहले महीनों-महीनों तक दंगे होते थे। हमारी सरकार में साढ़े सात सालों में कोई दंगा हुआ है। पहले बड़े-बड़े दंगे होते थे। अब कोई दंगा कर पाएगा क्या। दंगे करने की कीमत क्या होती है, जब उनके पोस्टर लगे, सात पीढ़ियों तक वसूली की जाएगी। अब दंगाई दंगा करना भूल गए हैं। ये माफिया समाज के कोढ़ हैं। जब तक आप इन्हें निकालकर बाहर नहीं करेंगे, तब तक ये लोग वर्तमान और भविष्य दोनों खराब करने का काम करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों के साथ जो खिलवाड़ करेगा। उसे जेल भिजवा देंगे। हमने प्रयागराज में माफिया की जमीन को कब्जा मुक्त करा गरीबों के लिए आवास बनवाए हैं। हम समाज के अलग-अलग तबके के लिए सुविधा उपलब्ध कराएंगे। कार्य करने का एक जज्बा होना चाहिए। उन्होंने कहा अच्छा काम करते हैं तो व्यक्ति को सम्मान मिलता है। हमारे शहर- जनपद का नाम रोशन होता है। नई पहचान मिलती है। आप कहीं जाएंगे, कहेंगे कि प्रयागराज और फूलपुर से हूं। तो लोग आपको सम्मान देंगे। 2017 से पहले क्या यह सम्मान मिलता था क्या।

### बच्चों की

मजबूती प्रदान करेगा। अगर हमारे प्रदेश के बच्चे सुपोषित होंगे तो भारत समृद्ध होगा। अगर प्रदेश के बच्चे स्वास्थ्य की दृष्टि से विकसित होंगे तो भारत विकसित होगा।

सीएम योगी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान कुछ लोग विदेश भाग गए थे तो कुछ लोग छुट्टी मनाने निकल गए थे। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान प्रदेश की आंगनबाड़ी बहनें, आशा बहुओं और एनएम जब कदम से कदम मिलाकर कार्य किया तो उत्तर प्रदेश कोरोना प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी सरकार की उपलब्धियों के विषय में बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में 18000 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया है। बाकी बचे केंद्रों का हम एक साथ निर्माण कराने जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले इसी सीजन में 1 से 15 वर्ष की उम्र के हजारों की संख्या में बच्चे इंसेफेलाइटिस की चपेट में आते थे। उनमें से 60 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु हो जाती थी। उनमें से 40 फीसदी बच्चे शारीरिक और मानसिक दिव्यांगता के शिकार हो जाते थे। उन्होंने कहा कि चालीस वर्षों में प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से 50 हजार से ज्यादा बच्चों की मौतें हुई। उन बच्चों की मौत की अपराधी पूर्ववर्ती सरकारें हैं। आज अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारी पूरी तरह से समाप्त हो गई है। ये डबल इंजन की सरकार के बेहतरीन प्रबंधन का परिणाम है।

सुपोषित भारत के सपने को साकार करने के लिए सीएम योगी के नेतृत्व में जारी जनअभियान के तहत उत्तर प्रदेश में कुपोषण की दर में विगत साढ़े सात वर्ष में काफी गिरावट आई है। नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे के अनुसार 2015-2016 की तुलना में वर्ष 2019-2020 में उत्तर प्रदेश में एनीमिया के स्तर में 5.1, स्टंटिंग 6.6, अल्प वजन में 7.4 और सूखापन में 0.6 गिरावट आई है। वहीं आज प्रदेश में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार 61 से घटकर 38 और मातृ मृत्यु दर प्रति लाख 201 से घटकर 167 हो गई है।

### भेड़ियों से

को मौके पर बेहोश करके पकड़ना हमारी प्राथमिकता होगी लेकिन अगर आवश्यकता पड़ी तो उसे गोली मारने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में मार्च माह से बच्चों व इंसानों पर भेड़ियों के हमले हो रहे हैं। बरसात के मौसम में हमले बढ़े और जुलाई माह से सोमवार रात तक इन हमलों से सात बच्चों सहित कुल आठ लोगों की मौत हो चुकी है। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों सहित करीब 36 लोग घायल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जरूरत पड़ने पर आदमखोर भेड़ियों को गोली मारने के निर्देश दिये हैं।

### सुप्रीम कोर्ट

और कहा था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने इस दलील को खारिज कर दिया था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और निकटवर्ती मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू वादियों द्वारा दायर वाद पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और इसलिए सुनवाई योग्य नहीं हैं।

### बुलडोजर चलाना

नहीं है, असंवैधानिक चीज है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अब बुलडोजर नहीं चल सकता तो क्या अभी तक जो बुलडोजर चल रहा था उसके लिए सरकार माफी मांगेगी?

गौरतलब है कि कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आपराधिक मामलों में संदिग्ध लोगों के घरों को बुलडोजर से ढहाए जाने के बीच उच्चतम न्यायालय ने पिछली दो सितंबर को सवाल उठाया कि किसी का घर सिर्फ इसलिए कैसे ढहाया जा सकता है क्योंकि वह आरोपी है। न्यायालय ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश तैयार करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। आदित्यनाथ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव की भेड़िये से तुलना की। पहले नौजवानों को नियुक्ति पत्र क्यों नहीं मिलता था। दरअसल नियत साफ नहीं थी। चाचा और भतीजा के बीच वसूली को लेकर होड़ लगती थी। एरिया बंटे हुए थे। मैं देख रहा हूं न इस समय कुछ आदमखोर भेड़िये अलगअलग जनपदों में उत्पात मचा रहे हैं। कमोबेश यही स्थित वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की थी। ये लोग उस समय कितनी तबाही मचाये हुए थे। इनके भी वसूली के एरिया बंटे हुए थे। वहां महाभारत के सारे रिश्ते थे। महाभारत का दूसरा दृश्य वहां देखने को मिलता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में साढ़े छह लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां की हैं।

# राहुल में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण

## राजीव गांधी से ज्यादा बुद्धिमान हैं राहुल गांधी, रणनीति बनाने में भी बेहतर : सैम पित्रोदा



नयी दिल्ली। लंबे समय से गांधी परिवार के वफादार सैम पित्रोदा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को भारत की अवधारणा का संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि राहुल अपने पिता से ज्यादा बुद्धिमान हैं और वह रणनीति बनाने के मामले में भी उनसे बेहतर हैं।

शिकागो से एक साक्षात्कार में पित्रोदा ने जोर देकर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इन आरोपों को झूठा करार देते हुए खारिज किया कि राहुल ने अपनी पिछली विदेश यात्राओं के दौरान भारत सरकार की आलोचना करने वाली टिप्पणियां की थीं। राहुल की अगले हफ्ते प्रस्तावित अमेरिका यात्रा के बारे में पित्रोदा ने कहा कि वह अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर नहीं आ रहे हैं, लेकिन इस दौरान उन्हें कैपिटल हिल (अमेरिका का संसद परिसर) में विभिन्न लोगों से व्यक्तिगत स्तर पर बातचीत करने का मौका मिलेगा। पित्रोदा ने कहा, राहुल निश्चित तौर पर राष्ट्रीय प्रेस क्लब में प्रेस के साथ बातचीत करेंगे, वह थिंक टैंक के लोगों से मिलेंगे और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में लोगों से मुखातिब होंगे, जिसका वाशिंगटन डीसी में भी उतना ही महत्व है। राहुल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद संभालने के बाद पहली बार अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। वह आठ से 10 सितंबर तक अमेरिका में होंगे, जिस दौरान वह जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय और टेक्सास यूनिवर्सिटी में लोगों के साथ संवाद करने के साथ ही वाशिंगटन डीसी और डलास में कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। राजीव गांधी और राहुल गांधी के बीच समानताओं और अंतर के बारे में पूछे जाने पर पित्रोदा ने कहा कि उन्होंने राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह, वीपी सिंह, चंद्र शेखर और एचडी देवेगौड़ा सहित कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे कई प्रधानमंत्रियों के साथ बहुत करीब से काम करने का मौका मिला, लेकिन राहुल और राजीव के बीच अंतर शायद यह है कि राहुल कहीं अधिक बुद्धिमान और बेहतर रणनीतिकार हैं, राजीव काम करने में ज्यादा यकीन रखते थे। दोनों का डीएनए एक जैसा है, लोगों के लिए उनकी चिंताएं एवं भावनाएं समान हैं, वे वास्तव में सभी के लिए बेहतर भारत बनाने में विश्वास करते हैं, वे वास्तव में सरल लोग हैं। उनकी कोई बड़ी निजी महत्वाकांक्षाएं नहीं हैं। अपने पिता राजीव से बेहतर रणनीतिकार हैं। दोनों अलग दौर के नेता हैं, जिन्होंने अलग मुद्दों का सामना किया और जिनके अनुभव भी अलग हैं। बेचारे राहुल को जीवन में दो बड़े झटके (अपनी दादी और अपने पिता की मौत) झेलने पड़े।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से होगी देश की प्रगति: राष्ट्रपति मुर्मू



उदगीर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा।

उन्होंने महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को भी कहा। मुर्मू यहां एक सभा को संबोधित कर रही थीं जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना तथा शासन आपल्या दारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तीकरण से महिलाओं का व्यक्तिगत विकास होगा, जो देश की आबादी का आधा हिस्सा हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर खुशी जताई कि महाराष्ट्र सरकार ने 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी (प्रति वर्ष एक लाख रुपये से अधिक कमाने वाली महिलाएं) बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि 13 लाख महिलाएं पहले ही लखपति दीदी बन चुकी हैं। राष्ट्रपति ने कहा, केंद्र ने लखपति दीदियों का लक्ष्य एक करोड़ से संशोधित कर तीन करोड़ कर दिया है। मुर्मू ने महिलाओं से अपने परिवार की देखभाल के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप समृद्ध होंगी और स्वस्थ रहेंगी तो देश विकास और प्रगति करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमता को समझना चाहिए और उन्हें उनके सपनों तथा आकांक्षाओं को हासिल करने में मदद करनी चाहिए। मुर्मू ने उल्लेख किया कि देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

संक्षेप

## पूनिया और फोगाट ने की राहुल से मुलाकात

नयी दिल्ली। हरियाणा के चुनावी दंगल में हाथ आजमाने की अटकलों के बीच पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने बुधवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। पुनिया और फोगाट को विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उतारे जाने को लेकर कांग्रेस ने अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है। हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंगलवार को कहा था कि बृहस्पतिवार तक इस पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फोगाट और पुनिया के साथ राहुल गांधी की एक तस्वीर साझा की। पुनिया और फोगाट 2023 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थे।कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने मंगलवार तक 90 में से 66 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दे दी है।हालांकि, नामों की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, उम्मीदवारों की सूची एक या दो दिन में जारी होने वाली है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी।

# टेक्सास में भीषण सड़क हादसे में चार भारतीय जिंदा जले

एजेंसी

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास में बीते सप्ताह हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त हैदराबाद के कुकटपल्ली उपनगर के आर्यन रघुनाथ ओरमपट्टी, उसके दोस्त फारूक शेख, एक अन्य तेलुगु छात्र लोकेश पलाचरला और तमिलनाडु की दर्शिनी वासुदेव के रूप में की गई है। कॉलिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, यह हादसा डलास के पास अन्ना में व्हाइट स्ट्रीट पर उत्तर की तरफ यूएस-75 से थोड़ी दूरी पर हुआ और इसमें पांच वाहन शामिल थे। ह्यस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस हादसे में चार भारतीयों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों और समुदाय से जुड़े संगठनों के लगातार संपर्क में है और उन्हें पूर्ण सहायता उपलब्ध करा रहा है। प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर को जब यह दुर्घटना हुई।

# नये मॉडल के लिए भारत की ओर देख रही दुनिया



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की ओर देख रही है।

प्रधान ने अकादमिक बिरादरी से अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को हासिल करने का आह्वान भी किया। मंत्री ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा आयोजित संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) पर एक कार्यशाला में अपने संबोधन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा को 21वीं सदी की आकांक्षाओं को संबोधित करना चाहिए और स्थानीय एवं वैश्विक चुनौतियों के लिए समाधान तैयार करना चाहिए। दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की प्रतिभाओं की ओर देखती है। उन्होंने कहा, मैं अकादमिक बिरादरी से आग्रह करता हूं कि वे अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने, उच्च शिक्षा परिदृश्य को बदलने और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए केंद्रित और समयबद्ध तरीके से काम करें। प्रधान ने कहा, शिक्षा भारत को एक उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से उत्पादक अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगी। मंत्री ने कहा कि संस्थागत विकास योजना को हमारी जनसांख्यिकी की क्षमताओं को बढ़ाने, उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को शामिल करने, नवाचार, उद्यमशीलता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने तथा अनुसंधान एवं विकास के वैश्विक मानक हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# यूक्रेन के जापोरिज्जिया ऊर्जा संयंत्र में स्थिति नाजुक



कीव। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने मध्य यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थल के निकट हुए ताजा हमलों के बाद मंगलवार को कहा कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हालात बेहद नाजुक हैं। उन्होंने एजेंसी के निरीक्षण के अंतराल को और कम करने का संकल्प जताते हुए महत्वपूर्ण विद्युत आपूर्तियों को भी निरीक्षण के दायरे में लाने की बात कही। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के राफेल मारियानो ग्रोसी की यह 10वीं यूक्रेन यात्रा है। कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एवं ऊर्जा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद वे जापोरिज्जिया के लिए रवाना हुए। ग्रोसी ने यूक्रेन की राजधानी में पत्रकारों से कहा, मेरा मानना है कि हालात बेहद नाजुक हैं। उन्होंने कहा, हम फिर से ब्लैकआउट के कगार पर हैं। इससे पहले आठ बार ऐसा हो चुका है। ब्लैकआउट का मतलब है कि कोई बिजली नहीं, कोई कूलिंग नहीं। परमाणु संयंत्र में कोई कूलिंग नहीं होगी तो आपदा आ सकती है। इससे पहले ग्रोसी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया था कि वह परमाणु संकट की आशंका के मद्देनजर ऐसे किसी संकट से बचने के लिए जापोरिज्जिया जा रहे हैं। रूसी आक्रमण के फलस्वरूप उसके नियंत्रण में आए जापोरिज्जिया संयंत्र के पास सोमवार को गोलाबारी की गई थी, जिससे संयंत्र की विद्युत लाइन को नुकसान पहुंचा था। यह जानकारी संयंत्र के संचालक एनर्जोएटम ने दी।

# शिकागो में ट्रेन में चार लोगों की गोली मार कर हत्या

एजेंसी

फॉरेस्ट पार्क। शिकागो में ब्लू लाइन ट्रेन में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी की यह घटना शिकागो के फॉरेस्ट पार्क के निकट ब्लू लाइन ट्रेन पर सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। फॉरेस्ट पार्क शिकागो शहर से लगभग 16 किलोमीटर पश्चिम में स्थित एक उपनगर है।

पुलिस के अनुसार इस घटना के सिलसिले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को 30 वर्षीय संदिग्ध पर हत्या का आरोप लगाया। फॉरेस्ट पार्क के मेयर रोरी होस्किन्स ने कहा, जब इन यात्रियों को गोली मारी गई वे सो रहे थे। कुक काउंटी के चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने बताया कि तीन पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। फॉरेस्ट पार्क पुलिस ने कहा कि चारों वयस्क प्रतीत होते हैं। होस्किन्स ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देकर संदिग्ध हमलावर फरार हो गया लेकिन वीडियो फुटेज की मदद से पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने उसकी पहचान शिकागो के रन्नी एस. डेविस के रूप में की।

# अस्पतालों को सुरक्षित बनाने के लिए संतुलन की जरूरतः श्रीनिवास




नयी दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि अस्पतालों को सुरक्षित बनाने और साथ ही मरीजों के लिए डॉक्टरों से स्वतंत्र परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराने के बीच संतुलन स्थापित किया जाना चाहिए। यह बात उन्होंने आर जी कर बलात्कार-हत्याकांड के बाद पूरे भारत में चिकित्सकों द्वारा की जा रही सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग के बीच कही। पीटीआई के संपादकों के साथ विशेष साक्षात्कार में डॉ श्रीनिवास ने कहा कि चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और आराम पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है और सारा ध्यान मरीजों की देखभाल और उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहने पर केंद्रित रहा है।

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित कोलकाता स्थित आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने अस्पताल के बुनियादी ढांचे की कमजोरियों के साथ-साथ चिकित्सा पेशेवरों की कार्य स्थितियों और सुरक्षा पर तीव्र बहस छेड़ दी है। कोलकाता की घटना के बाद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय कार्य बल के सदस्य डॉ श्रीनिवास ने कहा कि रेजिडेंट चिकित्सकों की मांग ने सभी की आंखें खोल दी हैं। उन्होंने कहा, यदि आप एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को देखें, तो वे ड्यूटी रूम, बुनियादी सुविधाओं, छात्रावासों और निर्धारित कार्य घंटों के संदर्भ में बुनियादी ढांचे के मामले में अभी भी बेहतर स्थिति में हैं। श्रीनिवास ने कहा कि हालांकि चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की सुविधा के लिए परिवेश तंत्र उन्नत होना चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय में जो हुआ है, वह यह है कि ज्यादातर मेडिकल संस्थानों का विस्तार अस्पताल की तरफ हुआ है, लेकिन छात्रावास की तरफ नहीं। इसलिए, पिछले पांच से दस साल में कुछ संस्थानों में असंतुलन की स्थिति बनी है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। चिकित्सा संस्थानों के समग्र विस्तार की अनदेखी की ओर इशारा करते हुए डॉ श्रीनिवास ने कहा, हम (अब तक) रोगी देखभाल और सेवाओं से भावनात्मक रूप से जुड़े थे। डॉक्टरों की लंबी ड्यूटी के मुद्दे पर, जो 24 घंटे और कभी-कभी 36 घंटे तक भी हो जाती है।

इंटरटेनमेंट...

# अल्लू अर्जुन, चिरंजीवी ने बाढ़ में दिया योगदान



हैदराबाद। चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन और महेश बाबू सहित तेलुगु फिल्म उद्योग की कई हस्तियां आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मूसलाधार बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ राहत प्रयासों में सहयोग के लिए आगे आई हैं। पिछले तीन दिन से लगातार बारिश और उसके बाद जलाशयों और नदियों के उफान पर होने के कारण दोनों राज्यों के कई हिस्से बाढ़ से जूझ रहे हैं और कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

दोनों राज्यों में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 33 लोग मारे गए हैं। इनमें से तेलंगाना में 16 और आंध्र प्रदेश में 17 लोग मारे गए। तीनों अभिनेताओं ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री राहत कोष में 50-50 लाख रुपये देने की घोषणा की है। चिरंजीवी ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ के कारण लोगों को हुई कठिनाइयों से दुखी हैं। चिरंजीवी ने कहा, निर्दोष लोगों की जान जाना बहुत दुखद है। तेलुगु राज्यों के मुख्यमंत्रियों के तहत दोनों सरकारें स्थिति को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। हम सभी को किसी न किसी तरह से राहत प्रयासों में शामिल होना चाहिए। अभिनेता ने एक्स पर तेलुगु में लिखा, इस प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, मैं दोनों राज्यों के लोगों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में 50-50 लाख रुपये) के अपने योगदान की घोषणा कर रहा हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि ये भयावह स्थितियां जल्द ही समाप्त हो जाएं और सभी लोग सुरक्षित रहें। अर्जुन ने भी एक्स पर एक पोस्ट में दोनों राज्यों के राहत कोष में अपने योगदान की घोषणा की।

# आईसी-184 में गलतियों पर भड़के रियल केबिन क्रू चीफ




मुंबई। नेटफ्लिक्स पर 29 अगस्त को रिलीज हुई वेब सीरीज आईसी 814- द कंधार हाईजैक लगातार विवादों में है। असल घटना पर आधारित इस सीरीज में आतंकियों के नाम हिंदू बताए गए थे, जिससे इसका विरोध किया जा रहा है। मामला कोर्ट तक पहुंचा और कोर्ट ने मेकर्स को बदलाव करने के आदेश दिए। इसी बीच अब असल घटना के समय प्लेन में मौजूद क्रू मेंबर चीफ अनिल शर्मा फिल्म में तथ्यों की गलतियां दिखाने पर भड़क गए हैं। उनका कहना है कि सीरीज में एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन गलतियां हैं।

बता दें कि सीरीज 1999 में हुए हाईजैक की कहानी है। मेकर्स ने इस असल घटना पर सीरीज बनाने के लिए दो किताबों का रिफरेंस दिया है, जिनमें से एक बुक 'आईए' उस समय के केबिन क्रू चीफ अनिल शर्मा ने लिखी है। हालांकि अनिल शर्मा का आरोप है कि सही तथ्य जानने के बाद भी डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने फैक्ट गलत तरह दिखाए हैं। बरखा दत्त से बातचीत में अनिल शर्मा ने भड़कते हुए कहा है, कुछ लोग डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की तारीफ कर रहे हैं।

# महिलाओं ने हमेशा किया बुरे वक्त का सामना : अनन्या पांडे



मुंबई। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा कि महिलाओं को बुरे वक्त का सामना हमेशा ही करना पड़ा है, लेकिन आज स्थिति बदली है और वे अब इन मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखती हैं। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों तथा सिनेमा जगत में उनके साथ होने वाले बर्ताव पर किए एक सवाल पर अनन्या ने कहा कि जागरूकता बढ़ाना जरूरी है लेकिन समाज में वास्तविक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

अभिनेत्री ने कहा, महिलाओं ने हमेशा बुरे वक्त का सामना किया है, अब हम इसके बारे में काफी कुछ बोल रहे हैं। इसके बारे में बात करना एक बात है लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है इसको लेकर कुछ करना। उन्होंने कहा, एक महिला और एक कलाकार के तौर पर हम अपने आस-पास के पुरुषों को यह बताकर अपना योगदान दे रहे हैं कि वे इन परिस्थितियों का कैसे बेहतर बना सकते हैं।

# मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभायेंगे फरहान अख्तर




नयी दिल्ली। अभिनेता फरहान अख्तर 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 120 बहादुर में परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म रेजांग ला की लड़ाई से प्रेरित है। इसी जगह पर चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों ने अद्वितीय साहस, वीरता और बलिदान का प्रदर्शन किया था।

120 बहादुर को रितेश सिधवानी और फरहान की निर्माता कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट , अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो के सहयोग से बना रही है। फिल्म का पहला शूट आज लद्दाख में शुरू हो रहा है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस बारे में जानकारी दी। पोस्ट में निर्माताओं ने कहा, मेजर शैतान सिंह पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों की कहानी आपके सामने लाना एक सौभाग्य की बात है। इसने कहा, भारत-चीन युद्ध के दौरान 18 नवंबर 1962 की लड़ी गई जंग रेजांग ला की लड़ाई के रूप में प्रसिद्ध, यह सभी बाधाओं के बावजूद वर्दी में हमारे जवानों द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय साहस, वीरता और निस्वार्थता की कहानी है। निर्माताओं ने वीरता की इस अविश्वसनीय कहानी को स्क्रीन पर लाने में उनके समर्थन के लिए भारतीय सेना का आभार भी व्यक्त किया। कंगना रनौत अभिनीत फिल्म धाकड़ के लिए मशहूर रजनीश घई एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। पिछले सप्ताह फरहान ने कहा था कि वह एक विशेष फिल्म की शूटिंग के लिए लद्दाख में हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com